संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Sarguja DN/2023-2025

www.ghatatighatana.com
ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 338- सोमवार 13- अक्टूबर 2025, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# बिहार में एनडीए ने किया सीट शेयरिंग का ऐलान

## बीजेपी-101,जदयू-101,चिराग को 29,उपेंद्र कुशवाहा-मांझी को 6-6 सीटें

**पटना,12 अक्टूबर 2025।** एनडीए के मुख्य घटक दलों भाजपा और जदयू को बराबर संख्या में यानी 101-101 सीटें दी गई हैं। इसके अलावा, अन्य सहयोगी दलों को भी चुनाव लड़ने के लिए हिस्सेदारी दी गई है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीटें, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को छ-छ सीटें दी गई हैं। एनडीए के महासचिव विनोद तावड़े ने इस सीट बंटवारे की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व ट्विटर) पर साझा की। उन्होंने लिखा,संगठित और समर्पित एनडीए परिवार ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण माहौल में सीटों का वितरण पूर्ण किया। सभी सहयोगी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस फैसले का खुशी-खुशी स्वागत किया है। सभी साथी कमर कस चुके हैं और बिहार में फिर से एनडीए सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं। इस सीट बंटवारे में स्पष्ट रूप से यह संकेत मिलता है कि भाजपा और जदयू दोनों प्रमुख दल अपने क्षेत्रीय प्रभुत्व को बरकरार रखना चाहते हैं। 101-101 सीटों का विभाजन दोनों दलों के बीच संतुलन बनाए रखने की रणनीति है। इसके अलावा, छोटी पार्टियों को हिस्सेदारी देना भी गठबंधन की मजबूती और चुनावी संतुलन बनाए रखने का हिस्सा है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीटें दी गई हैं। यह संख्या इस बात




### बीजेपी-जदयू अब बराबर के भाई

2005 से लेकर पिछले विधानसभा चुनाव तक जदयू ने हमेशा बीजेपी से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ा है। जदयू पिछले 4 चुनाव में हमेशा बड़े भाई की भूमिका में रहता था। 2020 में ही जदयू 115 और बीजेपी 110 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, लेकिन 2025 विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियां 101-101 सीटों पर लड़ेंगी।

## बिहार चुनाव पर दिल्ली में बीजेपी सीईसी की बैठक

## पीएम मोदी,शाह,राजनाथ,नड्डा मौजूद,सम्राट चौधरी थे मौजूद,कैंडिडेट्स के नामों पर लगी मुहर



बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली बीजेपी ऑफिस में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई। बैठक में पीएम मोदी, अमित शाह,राजनाथ सिंह,जेपी नड्डा,बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी मौजूद रहे। बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर कैंडिडेट्स के नामों पर मुहर लग गई है। माना जा रहा है कि सोमवार को पटना में एनडीए की प्रेस कॉन्फ्रेंस है, जिसमें सीट और कैंडिडेट्स के नामों की लिस्ट जारी हो सकती है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने साफ कर दिया है कि वो एनडीए सरकार में ही रहेंगे। उन्होंने एक्स पर लिखा,अभी मैं पटना निकल रहा हूं,वैसे एक बात बता दूं, मैंने पहले भी कहा था और आज फिर से कह रहा हूं। मैं जीतन राम मांझी अपने अंतिम सांस तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ रहूंगा।

### बीजेपी की आज आ सकती है पहली सूची

संभावना है कि सोमवार को भाजपा की पहली सूची जारी हो सकती है जिसमें पहली फेज के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जा सकती है। वहीं,जीतन राम मांझी को पिछली बार से भी एक सीट कम मिली है, लेकिन वे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए गठबंधन के साथ बने रहेंगे।

## ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत तरीका था,ये केवल इंदिरा गांधी का फैसला नहीं था,उन्होंने इसकी कीमत जान देकर चुकाई : चिदंबरम



**नई दिल्ली,12 अक्टूबर 2025।** पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा, जून 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाया गया ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत तरीका था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। हालांकि, यह फैसला अकेले इंदिरा गांधी का नहीं था। इसमें आर्मी, पुलिस, इंटेलिजेंस और प्रशासनिक अफसर भी शामिल थे। ऑपरेशन ब्लू स्टार पर बीते 6 महीने दूसरी बार बड़ा बयान आया है। इससे पहले 4 मई को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वे कहते नजर आए थे कि 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार गलती थी। जो भी गलतियां 80 के दशक में कांग्रेस से हुईं, मैं जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं। चिदंबरम हिमाचल प्रदेश के कसौली पहुंचे थे। यहां 'खुशवंत सिंह लिटरेचर फेस्टिवल' में पत्रकार हरिंदर बावेजा की किताब They Will Shoot You, Madam की चर्चा में शामिल हुए। बावेजा के कमेंट- इंदिरा गांधी ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के अपने फैसले की कीमत अपनी जान देकर चुकाई।

## जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की लिस्ट



**नई दिल्ली,12 अक्टूबर 2025।** जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। रविवार को जारी सूची में तीन उम्मीदवारों के नाम हैं जिनमें गुलाम मोहम्मद मीर, राकेश महाजन और शत शर्मा शामिल हैं। शत शर्मा वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख हैं। वे तीसरी अधिसूचना के तहत राज्यसभा चुनाव लड़ेंगे, जहाँ भाजपा को नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के सत्तारूढ़ गठबंधन पर संख्यात्मक रूप से बढ़त हासिल है। जिस सीट से शर्मा चुनाव लड़ेंगे, उस पर भाजपा के पास 28 वोट हैं, जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन के पास 24 वोट हैं। 24 अक्टूबर को इन सीटों पर चुनाव होने हैं।

## संवैधानिक सुरक्षा उपायों ने सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर सुनिश्चित किए : बीआर गवई



**नई दिल्ली,12 अक्टूबर 2025।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि न्याय का सच्चा अर्थ, सबसे कमजोर व्यक्ति की रक्षा में है। कानून का शासन निष्पक्षता,गरिमा और समानता के साधन के रूप में कार्य करना चाहिए। अपना उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उनका जीवन समानता की परिवर्तनकारी ताकत को दिखाता है। हाशिए पर पड़े समुदाय में जन्म लेने के बाद कैसे संवैधानिक सुरक्षा उपायों ने न केवल सुरक्षा बल्कि सम्मान, अवसर और मान्यता सुनिश्चित किए। वियतनाम के हनोई में आयोजित ला एशियासम्मेलन में विविधता और समावेशन को बढ़ावा देने में वकीलों और अदालतों की भूमिका विषयक सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने न्यायिक व्यवस्था में विविधता और समावेश को बढ़ावा देने के लिए कड़े प्रयास का आह्वान किया। बार एंड बेंच में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि मेरे लिए, एक निम्न-जाति के परिवार में जन्मे होने का मतलब था कि मैं अछूत पैदा नहीं हुआ था।

## आरटीआई अधिनियम को केंद्र सरकार ने कमजोर किया : जयराम रमेश



**नई दिल्ली,12 अक्टूबर 2025।** कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने 2019 में सूचना का अधिकार अधिनियम में संशोधन कर इस कानून की मूल भावना को कमजोर किया है। सूचना के अधिकार कानून को लागू हुए आज 20 वर्ष पूरे हो गए हैं। कानून को 2005 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार लाई थी। इस अवसर पर आज कांग्रेस पार्टी ने प्रेसवार्ता की। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने प्रेसवार्ता में कहा कि पहले यह कानून नागरिकों और मीडिया को सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जानकारी तक पहुंच देता था, लेकिन 2019 के संशोधनों ने इसकी ताकत को सीमित कर दिया और जवाबदेही पर असर डाला है।

## बिहार चुनाव से पहले लालू-तेजस्वी को बड़ा झटका

## नवादा और रजौली के विधायकों ने दिया इस्तीफा

**पटना,12 अक्टूबर 2025।** बिहार चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को बड़ा झटका दिया है। राजद विधायक संगीता कुमारी, भरत बिंद, चेतन आनंद के बाद अब दो और विधायकों ने भी अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव को सौंप दिया है। नवादा से विधायक विभा देवी और रजौली (सुरक्षित) से विधायक प्रकाश वीर ने अपना इस्तीफा दिया है। लोकसभा चुनाव के बाद से यह लोग राजद के शीर्ष नेतृत्व से नाराज चल रहे थे। इन दोनों विधायकों की मौजूदगी ने तब और भी ज्यादा सियासी सरगर्मी बढ़ा दी, जब वह गया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के मंच पर दिखाई दिए। मंच साझा करने के साथ ही इन दोनों नेताओं के राजद से नाता तोड़ने की अटकलों पर मुहर लग गई थी। इधर, इस्तीफा देने के बाद प्रकाश वीर ने बताया कि मैंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। तेजस्वी यादव एक बार नवादा यात्रा पर आए थे,लेकिन उन्होंने हमें आमंत्रित नहीं किया, इसलिए हम नहीं गए। वहां भीड़ में किसी ने चिल्लाकर कहा, तेजस्वी भैया,प्रकाश वीर को हटाओ। इससे मेरी आत्म-सम्मान को ठेस पहुंची। अब राजद में लौटने का कोई सवाल ही नहीं है। विभा देवी,पूर्व मंत्री और तीन बार के विधायक रहे पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजवल्लभ यादव की पत्नी हैं। उन्होंने 2020 में नवादा से राजद के टिकट पर जीत दर्ज की थी। लेकिन 2025 के लोकसभा चुनाव में पार्टी द्वारा श्रवण कुशवाहा को टिकट देने से वह और उनके समर्थक असंतुष्ट हो गए थे। आरोप है कि दोनों ने राजद प्रत्याशी का समर्थन नहीं किया, जिससे पार्टी नेतृत्व, खासकर तेजस्वी यादव,उनसे नाराज हो गए।

इस बीच विभा देवी की भारतीय जनता पार्टी के साथ बढ़ती नजदीकी भी चर्चा में रही। अगस्त 2025 में गया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में उनकी मंच पर मौजूदगी ने राजद में हड़कंप मचा दिया था। पार्टी से टिकट कटने की आशंका और एनडीए से पारिवारिक समीकरणों के चलते उन्होंने इस्तीफा दे दिया। अब वह नवादा सीट से भाजपा या जदयू के टिकट की प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं।



### परिवार की छवि को खराब करने की कोशिश की जा रही थी

पूर्व मंत्री राजबल्लभ यादव की पत्नी और नवादा सदर से राजद विभा देवी ने कहा कि तेजस्वी और उनके कुछ करीबी नेताओं द्वारा उनके और उनके परिवार पर झूठे आरोप लगाए गए। उनके सम्मानित परिवार की छवि को खराब करने की कोशिश की गई। विभा देवी ने कहा कि वह राजनीति में अपना सम्मान बेचकर नहीं आई हैं। उन्होंने कभी घूस नहीं ली और न ही भ्रष्टाचार किया। विभा देवी ने आरोप लगाया कि जब सरकार बनाने-बिगाड़ने का खेल चल रहा था, तब तेजस्वी के साथ रहने वाले उनके कुछ करीबी नेताओं ने उनसे भारी धनराशि की मांग की थी। वह यह रकम नहीं दे सकीं। इसके बावजूद उन्होंने और विधायक प्रकाश वीर ने पार्टी नहीं छोड़ी। जबकि कई नेताओं ने उन्हें पाला बदलने का प्रलोभन दिया था।

## मेरा हर बुनकर सोने के समान है और इनकी सुरक्षा व समृद्धि मेरी जिम्मेदारी : सिंधिया



**नई दिल्ली,12 अक्टूबर 2025।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मेरा हर बुनकर सोने के समान है। आप लोग इस देश के खज़ाना हैं और आपकी सुरक्षा व समृद्धि मेरी जिम्मेदारी है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस योजना में बुनकरों की आय, उत्पादन, तथा हैंडलूम पार्क के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभों का विस्तृत मूल्यांकन शामिल होना चाहिए, ताकि योजना की सफलता को धरातल पर मापा जा सके। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया रविवार को अशोकनगर जिले के तहसील चंदेरी में इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन स्कीम (आई आईयूएस) प्रोजेक्ट- हैंडलूम पार्क का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं परियोजना निदेशकों के साथ बैठक ली। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र की सजीव मिसाल माने जाने वाले इस केंद्र की विस्तृत समीक्षा की और बुनकरों को सीधे लाभ सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन एवं परियोजना हितधारकों को निर्देश दिए।

उन्होंने चंदेरी की इस जीवंत परंपरा से जुड़े 6,000 बुनकरों तथा हैंडलूम पार्क में कार्यरत सभी 240 सक्रिय करघों के संचालन की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने प्रशासन एवं परियोजना प्रमुख को सख्त निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय से कार्य करते हुए बुनकरी उद्योग के पुनरोद्धार के लिए एक ठोस कार्ययोजना तैयार करें।

## लड़कियों को रात में बाहर नहीं घूमना चाहिए : ममता बनर्जी



**कोलकाता,12 अक्टूबर 2025।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से गैंगरेप की घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को रात में बाहर नहीं घूमना चाहिए। खासकर सुनसान इलाकों में सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहा-इस घटना की पूरी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की है। निजी कॉलेजों को छात्राओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पुलिस को कड़ी से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। किसी को बख्शा नहीं जाएगा,तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। दरअसल,दुर्गापुर रेप केस पर भाजपा और अन्य विरोधी पार्टियां ममता सरकार पर सवाल उठा रही हैं। ओडिशा के सीएम ने भी बंगाल की सीएम से सख्त कार्रवाई करने की मांग की जिसके बाद ममता बनर्जी ने यह बयान दिया है। पश्चिम बंगाल की प्रदेश सचिव और आसनसोल दक्षिण से विधायक अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि हम बड़े भाग्यशाली हैं कि अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार है और बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार है। पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल स्टूडेंट के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया था। वारदात शुक्रवार की है। पीड़ित अपने एक पुरुष दोस्त के साथ डिनर पर गई थी।

## बंगाल एमबीबीएस स्टूडेंट गैंगरेप केस:3 गिरफ्तार,2 फरार

## पीड़ित का दोस्त भी हिरासत में,मोबाइल टावर लोकेशन से आरोपियों का पता चला



**कोलकाता,12 अक्टूबर 2025।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मेडिकल स्टूडेंट से गैंगरेप केस में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। 2 आरोपी अभी भी फरार हैं। सभी पास के गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास पीड़ित का मोबाइल था। इससे कॉल किया गया था। टावर लोकेशन से आरोपियों की जानकारी मिली। दुर्गापुर की सब डिवीजनल जूनियर मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है और फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, घटना कोलकाता से 170 किमी दूर दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के ठीक सामने 10 अक्टूबर की रात 8 से 10 बजे के बीच हुई। पीड़ित अपने दोस्त के साथ डिनर के लिए निकली थी। कैंपस गेट पर 3 युवक खड़े थे। पीड़ित के मुताबिक, युवकों ने उसका मोबाइल छीना, फिर बाल पकड़कर कैंपस गेट के सामने जंगल में घसीटकर ले गए। तीनों ने उसका रेप किया। इस दौरान उसका दोस्त वहां से भाग गया था। पुलिस ने बताया, पीड़ित ओडिशा की रहने वाली है और एमबीबीएस सेकेण्ड ईयर की स्टूडेंट है। डिप्टी मजिस्ट्रेट और दुर्गापुर एसडीओ रंजना रॉय ने पीड़ित से मुलाकात की। उन्होंने कहा- छात्रा का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। उसकी हालत स्थिर है। उसका परिवार साथ है। लड़की के दोस्त और उसके साथियों इसके शामिल होने के आरोप परिवार ने लगाए हैं। पीड़ित के दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### छात्रा ने पुलिस को बताई आपबीती...

जब तीन लोगों ने मेरा रास्ता रोका, तो मेरा दोस्त मुझे अकेला छोड़कर भाग गया। फिर आरोपियों ने मेरा फोन छीन लिया और जंगल में ले गए। यहां तीनों ने रेप किया। आरोपियों ने घटना के बारे में किसी को बताने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी दी, फिर मेरा मोबाइल वापस करने के लिए पैसे भी मांगे।

### मोबाइल टावर की लोकेशन से आरोपी पकड़े गए

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित का मोबाइल आरोपी अपने साथ ले गए थे। मोबाइल से आरोपियों ने अपने दोस्त को कॉल किया था। जिसे कॉल किया गया था उसके मोबाइल टावर की लोकेशन ट्रैक की गई। इसके बाद गिरफ्तारियां की गईं।

## अफगान विदेशमंत्री की प्रेस-कॉन्फ्रेंस,महिला पत्रकार पहली लाइन में बैठीं

## मुत्तकी बोले...पिछली बार समय कम था,इसलिए सबको नहीं बुलाया





**नई दिल्ली,12 अक्टूबर 2025।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने रविवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें महिला पत्रकारों को भी बुलाया गया। प्रेस-कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकार पहली लाइन में बैठीं थीं।

इससे पहले शुक्रवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को नहीं बुलाया गया था। इस पर विवाद भी खड़ा हो गया था। मुत्तकी ने पिछली बार महिला पत्रकारों को न बुलाने पर सफाई भी दी। उन्होंने बताया- यह सिर्फ तकनीकी कारणों से हुआ था। पिछली बार पत्रकारों की छोटी लिस्ट तैयार की गई थी, क्योंकि समय कम था। इसके अलावा कोई दूसरा इरादा नहीं था। मुत्तकी ने कहा कि उनके देश में कुल 1 करोड़ विद्यार्थी स्कूल और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ रहे हैं, जिनमें 28 लाख महिलाएं और लड़कियां शामिल हैं। धार्मिक मदरसों में भी यह शिक्षा ग्रेजुएशन लेवल तक है। कुछ क्षेत्रों में सीमाएं हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वे शिक्षा के खिलाफ हैं। महिलाओं की शिक्षा को धार्मिक रूप से हराम घोषित नहीं किया गया है, बल्कि इसे अभी दूसरी व्यवस्था तक स्थगित किया गया है। मुत्तकी ने भारत के विदेश मंत्री से मुलाकात की और अर्थव्यवस्था, व्यापार और अन्य मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान भारत के विदेश मंत्री ने घोषणा की कि भारत काबुल में अपने मिशन को एम्बेसी में अपग्रेड करेगा और काबुल के डिप्लोमैट्स जल्द ही नई दिल्ली आएंगे। बैठक के दौरान भारत के विदेश मंत्री ने काबुल और दिल्ली के बीच उड़ानों की संख्या बढ़ाने की घोषणा की।

## नक्सलियों के आईईडी विस्फोट से घायल हथिनी ने तोड़ा दम



**चाईबासा,12 अक्टूबर 2025।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में स्थित सारंडा जंगल में नक्सलियों के आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हुई हथिनी ने तोड़ दिया। सूचना पाकर रविवार को पहुंची वन विभाग की टीम ने जंगल में ही उसका पोस्टमार्टम कराया। नक्सलियों ने सुरक्षा बलों और पुलिस को नुकसान पहुंचाने के इरादे से सारंडा के घने जंगलों में जमीन के नीचे कदम-कदम पर आईईडी लगा रखे हैं। इसकी चपेट में आने से इस वर्ष तीन हाथियों की मौत हो चुकी है। रविवार को जिस हथिनी की मौत हुई, उसके बारे में वन विभाग को एक हफ्ते पहले जानकारी मिली थी। उसका दायां पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया था और मांस का लोथड़ा लटक रहा था। मौके पर पहुंची वन्यजीव चिकित्सकों की टीम ने उसे एंटीबायोटिक और दर्द निवारक दवाएं दी थीं।

# कृत्रिम मेधा का मेधा का महत्व और आशंकाएं



विजय गर्ग

वैश्विक स्तर पर तकनीकी विकास में भारत भी साथ-साथ कदमताल कर रहा है। घोषणा हो गई है कि हमारा देश एक डिजिटल राष्ट्र बन गया है। इंटरनेट ताकत में हमने कई पश्चिमी देशों को पीछे छोड़ दिया है। यही नहीं,पिछले कुछ वर्षों में हम दुनिया के अग्रणी देशों की तर्ज पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम मेधा के विकास का भी दावा कर है। कृत्रिम मेधा आज यंत्र युग में शोध और नवोन्मेष का परिणाम है,इसलिए हम इसे यंत्र मेधा भी कह सकते हैं। स्पष्ट है कि इसके व्यापक इस्तेमाल के लिए देश में काम करने के ढांचे में बदलाव करना इंटरनेट का ज्ञान होना पड़ेगा। साथ ही युवा पीढ़ी के पास डिजिटल के है। इसके विस्तार को हमें अपने नियंत्रण के अलावा, कृत्रिम मेधा से प्राप्त में रखना होगा।

### ज्ञान

हालांकि,कृत्रिम मेधा से वैज्ञानिक इस बात को लेकर भी चिंतित हैं कि इसकी असीम शक्ति कहीं इंसानी दिमाग से आगे न निकल जाए और नकारात्मक मूल्यों का सृजन करके कहीं पूरी दुनिया की प्रगति को किसी और रास्ते पर न भटका दे मगर,इस आशंका के मद्देनजर कृत्रिम मेधा को सिरे से नकारा नहीं जा सकता। भारत आबादी लिहाज से पीढ़ी में श्रम या का सबसे बड़ा देश है और यहां कार्य योग्य युवा शक्ति का बाहुल्य है। इसलिए रोबोटिक कृत्रिम मेधा का मानव श्रम शक्ति पर असर पड़ सकता है। मगर विकास के जिस आयाम तक कृत्रिम मेधा जा सकती वह साधारण जमा खर्च के हिसाब से परे हो जाता है। इसलिए कृत्रिम मेघा और रोबोटिक शक्तियाँ एक ऐसी नई सच्चाई जिन्हें नकारा नहीं जा सकता। भारत में भी कृत्रिम मेधा के उपयोग को डिजिटल और इंटरनेट शक्तियों विकास के सहारे आगे बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

### आयोग

भारत के नीति आयोग ने हाल में कृत्रिम मेधा और इंटरनेट शक्ति की संभावनाओं को लेकर एक नई रपट जारी की है। इसमें स्पष्ट कहा गया है कि अगले एक दशक में उत्पादन,निवेश और कृषि विकास के क्षेत्र में अगर हम कृत्रिम मेधा का उचित इस्तेमाल करें,तो देश के सकल घरेलू उत्पाद में 500 से 600 अरब डालर की बढ़ोतरी सकती है। नीति है कि आने वाले दशक में अगर औद्योगिक क्षेत्र के भीतर कृत्रिम मेधा का व्यापक उपयोग होता है, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था में 1,726 लाख करोड़ डालर तक का महत्त्वपूर्ण योगदान हो सकता है। अगर कृत्रिम मेधा को प्रौद्योगिकी,विज्ञान,इंजीनियरिंग और गणित के कार्यबल का सहयोगी बना दिया जाए, तो भारत में एक मजबूत और महत्त्वपूर्ण विकासात्मक बदलाव आ सकता है। हम वैश्विक कृत्रिम मेधा मूल्य का दस । पंद्रह फीसद तक हासिल करने में सक्षम होंगे। कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल से कौशल के स्तर पर तो नए रोजगार पैदा होने की संभावनाएं बढ़ेगी, लेकिन नीति आयोग की रपट में भी स्वीकार किया गया है कि मौजूदा रोजगार के ढांचे में निचले स्तर के अकुशल कर्मी असंबद्ध हो सकते हैं। वहीं,वित्तीय सेवाओं और विनिर्माण क्षेत्र में कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल खासा उपयोगी साबित हो सकता है। इन क्षेत्रों में सकल घरेलू उत्पाद बीस से पच्चीस फीसद तक बढ़ सकता है भारत, रूस से कच्चा तेल खरीदकर उसे प्रसंस्कृत रूप में यूरोपीय और तीसरी दुनिया के देशों को बेच रहा है। इसका लाभ हमारी पेट्रोलियम कंपनियों को मिल रहा है। इस प्रकार अगर हम अपनी विनिर्माण प्रक्रिया को कृत्रिम मेधा से जोड़ दें, तो देश की विकास दर को गति देना मुश्किल नहीं होगा। हालांकि,इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रयासों की जरूरत है। इस समय अगर औसत निकालें तो भारत की विकास दर 5.7 फीसद के करीब है। भले ही हम इसे दुनिया की सबसे तेज विकास दर कहते हों, लेकिन अगले दस वर्षों में जीडीपी को बढ़ाने के लिए हमें विकास दर को और ऊंचाई देनी होगी। अगर कृत्रिम मेधा का उचित इस्तेमाल हो जाए तो आठ फीसद विकास दर को हासिल करना आसान हो जाएगा। यही गति बनी रहे तो वर्ष 2047 में आजादी के शतकीय महोत्सव तक भारत के विकसित देश बनने के लक्ष्य को हासिल करने भी कोई मुश्किल नहीं होगी। यह भी हो सकता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अमेरिका और चीन को पीछे छोड़ दे। नीति आयोग ने ने भले ही कृत्रिम मेधा की



संभावनाओं की बहुत उज्वल तस्वीर पेश की है, पेश की है,लेकिन इसके रास्ते में में कई अवरोध भी मौजूद हैं। सबसे बड़ा अवरोध तो देश के युवाओं को इस ज्ञान क्षेत्र की उचित शिक्षा-दीक्षा के अभाव का है। इसके लिए नई सुगम पुस्तकें तैयार करनी करनी पड़ेंगी। नए पाठ्यक्रम बनाने पड़ेंगे और शिक्षकों को भी इस ज्ञान से पारंगत करना होगा,ताकि वे भावी पीढ़ी को इसके लिए आसानी से तैयार कर सकें। लेकिन अभी देश के शिक्षा जगत की जो सर्वेक्षण रपट हमारे पास है, वह यही कहती है कि प्रायः औसत युवा छात्र आज भी कला संकायों और विज्ञान संकायों की डिग्रियों के पीछे ही भागते हैं। आज भी वे नौकरीपेशा और स्थायी मध्यवर्गीय रोजगार पाने की मानसिकता से ग्रस्त हैं तथा कृत्रिम मेधा से प्राप्त हो सकने वाले असीम ज्ञान में पारंगत होने के लिए उत्सुक नजर नहीं आते हैं। तो आसान शिक्षा एवं डिग्री चाहिए और ऐसा कार्य कार्य चाहिए,जो रूटीन का दफ्तरी काम हो। और जो मेधा को चुनौती न दे। हालांकि,कृत्रिम मेधा से जुड़े खतरे की संभावनाओं को लेकर सरकार भी सतर्क है,लेकिन उसका कहना है कि इस तरह की आशंकाओं से डरकर इसके विकास को प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता। मगर इसके दुरुपयोग को रोकने के उपाय जरूरी हैं।

इसके लिए देश को सजग रहना पड़ेगा और जहां भी जरूरी हो, वहां सख्ती बरतनी होगी। वैसे भी तकनीक को खारिज करना या खत्म करना समस्या का हल नहीं है,जरूरत इस बात की है कि आधुनिक तकनीक को विकास से जोड़ा जाए और इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इसमें दोराय नहीं कि कृत्रिम मेधा आज विकास प्रक्रिया का एक हिस्सा बन गई है और इसके सदुपयोग और महत्त्व को नकारा नहीं जा सकता। मगर, इसके इस्तेमाल में एहतियात बरतना भी जरूरी है।

## संपादकीय

# टिकाऊ कर व्यवस्था से ही बढ़ेगा भारत में विदेशी निवेश

यह बात तो सभी मानते हैं कि भारत को अपनी निवेश दर बढ़ाने और अपनी वृद्धि दर में टिकाऊ सुधार के लिए बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की आवश्यकता है। हालांकि,कर के मामले में अनिश्चितता अभी भी देश की कुल एफडीआई संभावनाओं के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। इस संदर्भ में नीति आयोग का ताजातरीन 'कर नीति कार्य पत्र' समस्या की बुनियाद का सही पता लगाता है। 'स्थायी प्रतिष्ठान' और लाभ आवंटन के नियमों को परिभाषित करने में जो अस्पष्टता है उसने 'कारोबारी मौजूदगी' और 'करयोग्य मौजूदगी' के बीच की रेखा को धुंधला कर दिया है जिससे निवेशकों के लिए जोखिम प्रीमियम उत्पन्न हो गया है। एक अप्रत्याशित स्थायी प्रतिष्ठान के मामले की शुरुआत, जो निवेशकों को पिछली अवधि के कर दावों के अधीन कर सकता है,भारत से अर्जित आय पर भारी और अप्रत्याशित कर देनदारियों का कारण बन सकता है,जिससे निवेश हतोत्साहित होता है। यह जोखिम प्रीमियम न केवल नए निवेशकों को रोकता है, बल्कि मौजूदा कंपनियों को कर लाभ के लिए जटिल और अप्रत्यक्ष निवेश संरचनाओं की ओर भी प्रेरित करता है। इसका परिणाम पूंजी की अक्षमता और महंगी मुकदमेबाजी के रूप में सामने आता है। कार्य पत्र में सर्वोच्च न्यायालय के जिन हालिया निर्णयों का उल्लेख है, वे दिखाते हैं कि इस तरह के कानूनी ढांचे से कैसे अप्रत्याशित परिणाम सामने आ सकते हैं। फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप लिमिटेड बनाम आयकर आयुक्त (2017) के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि बुद्ध इंटरनैशनल सर्किट को विदेशी उपक्रम के लिए एक स्थायी प्रतिष्ठान माना जाएगा क्योंकि यह आयोजन करदाताओं के नियंत्रण और अधिकार में था। भले ही यह केवल कुछ दिनों तक चला।

वर्ष 2025 के हयात इंटरनैशनल (दक्षिण पश्चिम एशिया) लिमिटेड बनाम अतिरिक्त आयकर निदेशक मुकदमे में इस तर्क को भारत-संयुक्त अरब अमीरात संधि मामलों में भी आगे बढ़ाया गया। इसमें पुष्टि की गई कि प्रबंधन या समन्वय गतिविधियां देनदारियों को जन्म दे सकती हैं भले ही किसी भौतिक कार्यालय की मौजूदगी नहीं हो। ये निर्णय भारत के कराधान अधिकारों की वैधता को बनाए रखते हैं, लेकिन ये एक गंभीर दुविधा को भी उजागर करते हैं। यदि स्थायी प्रतिष्ठान की स्पष्ट और वस्तुनिष्ठ परिभाषा नहीं दी जाती,तो भारत एक वैध व्यावसायिक उपस्थिति को कर योग्य नियंत्रण के रूप में भ्रमित करने का जोखिम उठाता है। ऐसे प्रमुख विवादों को अंतिम समाधान तक पहुंचने में अक्सर छह से बारह वर्ष लग जाते हैं। विदेशी कारोबार के लिए,ऐसे मुकदमेबाजी समयसीमा का अर्थ होता है अवरुद्ध परिसंपत्तियां,ब्याज देनदारियों का एकत्रित होना, और रणनीतिक गति की हानि। ऐसे में वास्तविक चुनौती भारत द्वारा कर अधिकारों को दोहराया जाना नहीं बल्कि नियमों की अस्पष्टता है। आधुनिक निवेश केंद्र केस दर केस निर्णय के आधार पर काम नहीं करते। सिंगापुर और नीदरलैंड जैसे देश स्थायी प्रतिष्ठान के लिए अवधि,गतिविधि के प्रकार और नियंत्रण की सीमा आदि को ध्यान में रखते हैं ताकि किसी प्रकार का मनमाना निर्णय नहीं लिया जा सके। भारत की मौजूदा अस्पष्टता बेहतरीन वैश्विक व्यवहारों से अलग है। इससे अनुपालन को लेकर अनिश्चितता बढ़ जाती है। इस बारे में नीति आयोग का वह प्रस्ताव रचनात्मक साबित हो सकता है जिसमें उसने विदेशी संस्थाओं के लिए एक वैकल्पिक अनुमानित कराधान योजना की बात कही है। इस प्रस्तावित योजना के अंतर्गत,विदेशी कंपनियां भारत से प्राप्त सकल राजस्व के लिए एक पूर्व निर्धारित क्षेत्र विशिष्ट प्रतिशत पर कर चुकाने का विकल्प चुन सकती हैं। ऐसा करने वाली कंपनियों को सुरक्षित क्षेत्र का लाभ मिलेगा क्योंकि कर प्राधिकार उस गतिविधि के लिए स्थायी प्रतिष्ठान की अलग से जांच नहीं करेगा जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर विस्तृत लेखा बनाए रहने से राहत मिलेगी। यदि कोई कंपनी मानती है कि उसके वास्तविक लाभ अनुमानित राशि से कम हैं तो वह नियमित कर व्यवस्था के तहत रिटर्न दाखिल कर सकती है। इस प्रकार यह योजना निवेशकों को कर देनदारी संबंधी स्पष्टता प्रदान करती है और राजस्व का पूर्वानुमान लगाने की क्षमता को सुरक्षित रखती है। यद्यपि इसकी कामयाबी सावधानीपूर्वक संतुलन पर निर्भर करती है। उद्योग विशेष से संबंधित कर दरें डेटा आधारित होनी चाहिए न कि मनमाने आधार पर। कर प्रशासन को इसे लगातार लागू करने के लिए संस्थागत क्षमता भी विकसित करनी होगी।

# सांप का नहीं,आस्तीन के सांप का डर!

आत्माराम यादव



पत्रकार बाबू मोशाय की ख़बरों को पढ़ने के बाद क्या नेता क्या अधिकारी,अधिकांश के दिलों पर सांप लोटने की चर्चाओं के बीच यह ब्रेकिंग न्यूज चिड़ियाघर से एक खतरनाक सांप निकलकर शहर की और भाग गया, मेर शहर के हर आम-खास के दिलों-दिमाग पर सांप रेंगने की दहशत दिखाई दे रही थी। इस खबर पर सोशल मीडिया से जुड़ा वह व्यक्ति जिसके पास मोबाईल था की प्रतिक्रिया के कमेंट्स का अम्बार लग गया था। लोग पत्रकार बाबु मुसाय से पुंछ रहे थे,भैया अब तक आपकी ख़बरें दिल पर सांप लोटाती रही,हम सब सहन कर लिए किन्तु ये कैसी खबर है की सांप शहर की और भाग गया, जरा बता दीजिये की यह सांप कैसा है? कितना बड़ा है? किस जाति का है? क्या कोबरा है या धरतीपकड़? उसकी उम्र और लम्बाई-चौड़ाई कितनी है? क्या यह किसी की आस्तीन में पला बढ़ा है या सच में सांप ही है? एक मुर्गीपालक पाठक ने सवाल किया-क्या मुर्गा-मुर्गी का शिकार करता है, या उससे बड़े भी शिकार करता है? तमाम पत्रकारों ने दनादन सवाल दागे कि सांप आखिरीबार चिड़ियाघर में कब देखा गया? क्या खा पीकर मोटा-ताजा खतरनाक दिखने वाला यह पनिया सांप तो नही,जो शहर में न घुसकर किसी नाले-नाली मेंढक-मछली का शिकार करने रुक गया है? नही तो क्या कारण है कि वह अब तक शहर में किसी को क्यों नहीं दिखा? कहीं ऐसा तो नहीं कि यहं सांप रात को शिकार कर किसी के घर- बाढ़े,बगीचे रिसोर्ट में आराम तो नहीं फरमा रहा है? सांप से डरने या उसकी दहसत में जीने वालों को समझना चाहिए की हमारे भगवान विष्णु अनंत काल से शेषनाग की सुख-शैया पर ही शयन कर रहे हैं। भोले भंडारी शमशानवासी भगवान शिव तो साँपों के आभूषण अपने शरीर पर धारण करते है। उनके जटाजूट पर फन उठाए सर्प का मुकुट,दोनों कानो में सांपों के कुंडल,नीलकंठ में सर्प का सुंदर हार, उन्हीं के बाजूबंद,और तो और शिवजी महाराज का यज्ञोपवीत भी सर्प का ही। हमारे कृष्ण को ही देख लो,कालिया नाग के फन पर नृत्य कर सांप को यमुना से बाहर कर गोकुल के जीव जन्तुओ आदि को अभय दिया। यानि बात साफ है की वासुकि नाग की ये पीढ़ी आपको पूरी धरती पर,खेतों-खलियानों और जंगलों-पहाड़ों,गुफाओं-कंदराओं में मिल जायेगी जो हम सबकी मित्र है,शत्रु नही,हमारे डर ने इन्हें बेबजह मारना शुरू किया इसलिए ये अपने प्राणों को संकट में देखकर ही अपना बचाव करते है। संस्कृत में सर्प का अर्थ है-जल्दी-जल्दी दौड़ने वाला,किन्तु हमारे देश में जल्दी-जल्दी दौड़ने वाले सांप के आलावा धरती पर रेंगनेवाले,पृथ्वी पर विचरण करनेवाले और आकाश में उड़नेवाले सांप भी है जिनमें तक्षक के उत्तराधिकारी सांप महीनों अपनी बिल-कंदराओं में बिना भोजन-पानी के अपनी मस्ती में चुपचाप केवल वायु का भक्षण करके ही जीवित रह सकते है,इसलिए इनका एक नाम वायु-भख भी है। खबरनवीस पत्रकारों का इन साँपों से पाला नही पड़ता इसलिए इनकी खबरे नहीं बनती, बनती तो उन साँपों की है जो नाममात्र के सांप या सांप के बच्चे है जिन्हें चिड़ियाघर में कैद किया जाकर पढ़े लिखे सभ्य लोगों को दिखाया जाता है,असभ्य और अपढ़ तथा ग्रामीण तो इन साँपों के बाप दादाओं की महाकाय 20-30 फुटीय काया से अक्सर खेत-जंगलों, पहाड़ों में मिलते रहते है। बात असल मुद्दे की आ जाये जहा से गायब सांप को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है।

सोशल मीडिया पर कमेन्ट थमने का नाम नही ले रही थी कि समाजसेवी और विपक्ष के नेताओं ने आवाज बुलंद कर कमेंट्स करना शुरू किया कि-चिड़ियाघर में सांप को देखने वालों के रिकार्ड की जांच होनी चाहिए? सांप कही दुमुहा तो नहीं जो लाखों की कीमत रखता हो और किसी तस्कर से चोरी करा दिया हो या चिड़ियाघर के किसी अधिकारी-कर्मचारी की मिलीभगत से उसका अपहरण करा दिया हो और वह किसी तस्कर की पोटली अथवा पेटी में कैद हो आसानी से शहर से बाहर ले जाया जा चूका हो और मामले को दबाने के लिए विभागीय सांठगाँठ से यह हुआ हो? फिर प्रश्न की बौछार थी जैसे सांप भागा, इसकी कोई अपडेट किसी के पास हो तो शेयर करे। वैसे अब तक चिड़ियाघर सहित जंगल से कौन-कौन से जानवर,पक्षी और साँपों के गायब होने और उनके शहर की और भागने की खबरे प्रकाश में आई और ऐसे कितने मामलों को दफ़न कर विभाग ने अपनी लाज बचाई,आदि सभी मामलों की विशेष इन्क्वायरी टीम से कराना चाहिए? जांच में ब्रेकिंग न्यूज देने वाले पत्रकार को किसने खबर दी और क्या साक्ष्य उसके पास है,सांप का फोटो किसी के पास हो तो शेयर करे,ताकि शहर में घूम रहे साँपों से मिलान कर असली सांप को चिड़ियाघर भेज कर लोगों के दिलों पर रेंग रहे सांप की दहशत को समाप्त किया जा सके? यह सांप शहर की और भागा है तो इसकी भी इन्क्वायरी हो कि कहीं यह किसी नेता,ठेकेदार की आस्तीन में तो नहीं घुस गया है,उन आस्तीनों की भी जांच हो? सुबह सारे अखवार स्थानीय नेताओं-कार्यकर्ताओं के फोटो विज्ञापनों से भरे थे,सारी हेडलाइन नेताओं ओर अधिकारियों की उपलब्धियों से भरी पड़ी थी लेकिन हर व्यक्ति सांप की अपडेट लेने के लिए अखबार के हर पन्ने के एक-एक सिंगल खबर को उलटपलट कर देख चूका किन्तु सांप का समाचार नही था,सभी के दिलों की दहसत उबाल मारने लगी और वे अपने घर-सडक सभी और चोकन्ना होकर देख रहे थे की कहीं यह सांप यहाँ कही तो छुप नही गया है। सांप से डरे सभी नगरवासियों ने सभी प्रमुख अखबार में खबर न होने से तुरंत अपने मोबाईल पर सांप की ब्रेकिंग देखी जिसमें कई अपडेट थे जिसमें बाबू मोसाय कि सोसलमीडिया के हवाले सांप का समाचार भी सूत्रों के हवाले दिया था कि-चिड़ियाघर से किंगकोबरा एक लम्बा-मोटा हरा और काले रंग की धारीदार सांप आधी रात को गायब हो गया है जो छोटे साँपों और छिपकली आदि का भोजन करता है और नेताओं-अधिकारियों की आस्तीनों में रहता है। बाबु मुसाय की खबर पढ़कर लोगों के दिलों पर रेंगने वाला सांप गायब हो गया और,सभी ने राहत की सांस ली की चलों इस सांप से तो अपुन बच गये यह तो खुद सांप-छिपकली खाता है,अपुन कोई सांप छिपकली थोड़े ही है जो कोबरा से डरे,किन्त कोबरा नेताओं की आस्तीनों में मजे से रहता है इस बात से सभी अपने आसपास के छुटभैये नेताओं से लेकर सभी बड़े नेताओं से चोकन्ना हो गए, कही चिड़ियाघर से भागे सांप की तरह जंगल से गायब होने वाले और नागपंचमी पर घर घर दूध पीने वाले साँपों को ये हमारे माननीय नेतागण अपनी आस्तीनों में तो नहीं रखे हुए है? बस लोग नेताओं से हाथ मिलाते समय सांप की फुसकार या काटने का शिकार न बन जाए, यह सोचकर नेताओ से हाथ मिलाने,गले मिलने से डरने लगे ? लोग निश्चिंत थे की चिड़ियाघर से भागा सांप नेताओं की आस्तीन में है।

## कविता



राजेन्द्र लाहिरी
पामगढ़, छ.ग.

# जान कर भी क्या कर लोगे?

हकीकत जान कर भी क्या कर लोगे,
उन्हें ही गरियाओगे और उन्हीं को सेवा दोगे,
यह वो तबका है जो
गाली सुन सकता है,
मालिक कभी भी धुन सकता है,
ताज्जुब की बात यह है कि
मार खाने वाला इस पर नहीं गुन सकता है,
सेवा स्वीकार है सत्ता के बदले,
उन्हें याद नहीं सब कुछ निहत्थों ने बदले,
सेवा स्वीकार है दरी बिछाने के एवज,
असंवैधानिक शब्दों से पुकारे जाने के एवज,
सेवा स्वीकार है चंद सिक्कों के बदले
सामाजिक दलाल कहलाना,
अपमानों को सह सह खुद को बहलाना,
मगर अपने समाज को दे क्या रहे हो?
उसी घिसी पिटी व्यवस्था की परिपाटी,
अपनों से ऊंचा दिखने की चाह संग ख्याति?
कुछ मेहनतकशों के बनाये रास्ते
मिल जाने से दे सकते हो मूछों को ताव,
बढ़ सकते हो आगे अपनों को देकर घाव,
तुम्हारे जैसे चंद चमचे देंगे तुम्हें भाव,
मगर क्या बिखरते समाज का मिलेगा लगाव,
पैसे देकर खरीदा गया मान नहीं है पुरस्कार,
लेकिन मत भूलो कि एक दिन
यही प्रायोजक खुलकर करेंगे तिरस्कार,
शोषणकर्ता का मन: स्थिति नहीं बदलेगा,
किसी एक के धनवान हो जाने से
सामाजिक न्याय नहीं मचलेगा,
बच्चा-बच्चा आज अपनी स्थिति समझ रहा है,
लेकिन समूचा समाज तो सुलग रहा है,
सबको बराबरी की व्यवस्था चाहिए,क्या दोगे?
वर्ना हकीकत जान कर भी क्या कर लोगे?

# अब्दुल कलाम जी की एक वाक्य ने जीवन की राहें बदल दी...17 साल बाद पढ़े बीए शिक्षा के महत्व को समझे और बन गए अधिवक्ता...



लक्ष्मीनारायण लहरे

जीवन में शिक्षा का उतना ही महत्व है जितना जीने के लिए स्वच्छ हवा। आदिकाल में गुरुकुल एक आवासीय शिक्षा प्रणाली थी जहां विद्यार्थी गुरु के घर पर निवास कर शिक्षा प्राप्त करते थे। गुरुकुल में शिक्षा का उद्देश्य न केवल ज्ञान प्रदान करना था, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर,अनुशासित और संस्कारी बनाना भी था। गुरुकुल में विद्यार्थी अपने दैनिक कार्य खुद करते थे,जिससे उनमें स्वावलंबन की भावना विकसित होती थी। पहले और अब में बहुत अंतर आया है। लोग अपनी पूरी जिंदगी बगैर सोचे समझे या यूं कहें आदतें जीते चले जाते हैं और कभी नहीं समझते कि वह सब कुछ अपने रुचि के अनुसार अपनी जिंदगी को ढाल सकते हैं बस उसमें सुधार करने का साहस होना चाहिए आज व्यक्तिगत विकास सर्वोच्च है सच तो यह है कि आप हमेशा दूसरों के लिए प्राथमिकता नहीं रहेंगे अपनी भावनाओं का सम्मान करें सकारात्मक सोच रखते हुए आगे बढ़े। शिक्षा के महत्व को समझे और अपने जीवन में बदलाव स्वयं से लाए उनकी संघर्ष की आज चर्चा करना जरूरी है जिन्होंने अपने साकारात्मक सोंच से जीवन में बदलाव लाए और आज लोगों के लिए भी प्रेरणा का संदेश दे रहे हैं। ऐसे सक्स से हुई मेरी एक साक्षात्कार के कुछ विशेष बातें और संघर्ष के पल । अधिवक्ता पोलेश्वर कुमार बनज आज 51 वर्ष के उनके जीवन से जुड़ी शिक्षा और संघर्ष भरे जीवन की बातें। पोलेश्वर कुमार का जन्म सारंगढ़ के कोसीर गाँव में एक किसान परिवार में 05 मई 1974 को हुआ उनके पिता स्वर्गीय सी आर बनज शिक्षक रहे । प्राथमिक शिक्षा गाँव में ही हुई वही उनके पिता शिक्षक रहे तो उनकी हाई स्कूल की पढ़ाई बस्तर के दंतेवाड़ा में पूरी हुई। सारंगढ़ में1993 12 वीं पास करने के बाद पढ़ाई लिखाई से दूर रहे । 2007 में वे दीपकृति मॉडर्न स्कूल की स्थापना कर बच्चों को शिक्षा के लिए एक कदम आगे बढ़ाएं और इन्हीं दिनों में स्कूल के काम से जिला स्तर के स्कूल मीटिंग में जब जाते थे तो कम पढ़े लिखे होने से अपने शिक्षा को लोगों नहीं बता पाते थे और उनके साथ पहुंचे हुए लोग अपनी शिक्षा की चर्चा करते थे ।

**पुस्तक वाचन दिवस पर वे सारंगढ़ स्कूल पहुंचे हुए थे और उनके हाथ :** एपीजी अब्दुल कलाम जी की पुस्तक पर नजर गई और उन्होंने उस पुस्तक का वाचन किया और उसमें लिखी एक वाक्य ज्ञान आपको महान बनाता है इस वाक्य से इतना प्रभावित हुए कि आगे पढ़ने की मन बना लिए और 17वर्ष बाद बी ए की पढ़ाई कर 46 वर्ष की उम्र में रायगढ़ स्वामी बाल कृष्णपुरी से कानून की पढ़ाई 2020 में पूरा किए। वे यहीं नहीं रुके क्रिमिनल एवं साइबर क्राइम की मास्टर डिग्री रायपुर कलिंगा विश्व विद्यालय से लिए और आज अधिवक्ता के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनकी यह संघर्ष भरे पल लोगों के लिए प्रेरणा का संदेश देती है वे गाँव में शिक्षक के साथ साथ पत्रकारिता में भी कुछ समय तक सक्रिय रहे । शिक्षा से उनके जीवन में बदलाव आया आज अपने पुत्र देवेश को भी कानून की मास्टर डिग्री के लिए रायपुर में पढ़ा रहे हैं ।

# संतान की सुख,समृद्धि और आयुष की कामना का पर्व अहोई अष्टमी



विजय कुमार शर्मा

अहोई अष्टमी मुख्यतः भारत के उत्तरी क्षेत्रों में मनाया जाता है। यह पवित्र दिन अहोई माता की पूजा के लिए समर्पित है,जो बच्चों की रक्षा करती हैं। इस दिन माताएं अपने बच्चों की लंबी उम्र,स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करते हुए व्रत करती हैं। अहोई अष्टमी का व्रत अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है और इसमें गहरी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं जुड़ी हुई हैं। अहोई अष्टमी का व्रत सूर्योदय से शुरू होकर चंद्रमा के दर्शन तक चलता है। इस दिन माताएं निर्जला व्रत करती हैं, यानी पूरे दिन कुछ नहीं खातीं और अपने बच्चों की भलाई के लिए अहोई माता से प्रार्थना करती हैं। अहोई अष्टमी की कथा एक ऐसी साहूकार की पत्नी की कहानी है, जिसके सात बेटों की मृत्यु हो जाती है क्योंकि उसने अनजाने में एक स्याही के बच्चे को मार दिया था। पश्चाताप के तौर पर उसने अहोई माता की पूजा की और उनके आशीर्वाद से उसके सभी सात बेटे जीवित हो गए, जिसके बाद संतान की लंबी उम्र और सुरक्षा के लिए यह व्रत रखने की परंपरा शुरू हुई।

### अहोई अष्टमी की कथा

प्राचीन काल में एक साहूकार रहता था जिसके सात बेटे और सात बहुएं थीं। एक दिन,दीपावली के आसपास घर को लीपने के लिए मिट्टी लेने साहूकार की सात बहुएं और उसकी बेटी जंगल गई। मिट्टी खोदते समय साहूकार की बेटी की खुरपी से गलती से



एक स्याही (साही) के बच्चे की मृत्यु हो गई। इस घटना से स्याही बहुत क्रोधित हुई और उसने साहूकार की बेटी को श्राप दिया, जिस प्रकार तुमने मेरे बच्चे को मारकर मुझे निसंतान किया,उसी प्रकार मैं भी तुम्हें निसंतान कर दूंगी। इसके बाद, साहूकार की बेटी की संतान एक-एक करके मर जाती थी,जिससे साहूकार के घर पर दुखों का पहाड़ टूट गया। इस दुख से दुखी होकर,साहूकार की पत्नी एक सिद्ध महात्मा के पास गई और उन्हें अपनी पूरी कहानी बताई। महात्मा ने उसे अहोई अष्टमी के दिन माता अहोई की आराधना करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि साही और उसके बच्चों का चित्र बनाकर और गलती के लिए क्षमा मांगते हुए माता की पूजा करें। साहूकार की पत्नी ने महात्मा के कथानुसार अहोई अष्टमी का व्रत रखा और माता की पूजा की। इस व्रत के प्रभाव से उसके सभी सात पुत्र फिर से जीवित हो गए।

### व्रत का महत्व

अहोई अष्टमी के दिन माताएं अपने बच्चों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए निर्जला उपवास रखती हैं. शाम के समय तारे निकलने पर अहोई माता की पूजा की जाती है,जिसके बाद कथा सुनकर व्रत खोला जाता है। अहोई के चित्रांकन में अधिकतर आठ कोष्ठक की एक पुतली बनाई जाती है। उसी के पास साही तथा उसके बच्चों की आकृतियाँ बना दी जाती हैं। करवा चौथ के ठीक चार दिन आगे अष्टमी तिथि को देवी अहोई माता का व्रत किया जाता है। यह व्रत सन्तान की लम्बी आयु और सुखमय जीवन की कामना से पुत्रवती महिलाएं करती हैं। कार्तिक मास की अष्टमी तिथि को कृष्ण पक्ष में यह व्रत रखा जाता है इसलिए इसे अहोई अष्टमी के नाम से भी जाना जाता है। इस पर्व की पूजा विधि भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में अलग अलग हो सकती है, लेकिन मुख्य भाव समान रहता है। माताएं अहोई माता की तस्वीर या मूर्ति के साथ पूजा का चौक सजाती हैं। पूजा में कलश रखा जाता है, प्रसाद के लिए आटे और चीनी से बनी मिठाइयों का भी निर्माण किया जाता है। माताएं अपने बच्चों को अहोई माता से जुड़ी कथाएं और लोककथाएं सुना कर परिवार और समाज के अन्य सदस्यों के साथ चंद्रमा के दर्शन करके अपने व्रत को पूर्ण करती हैं।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटाराअम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

# पुलिस ने मृतक के 6 साथी को भेजा सलाखों के पीछे

## शिकारी की अपने ही बिछाए गए जाल में चिपककर हुई मौत

-संवाददाता-
बलरामपुर, 12 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले डिंडो चौकी पुलिस ने विधुत अधिनियम की धारा-135(क) के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर आरोपी रामधनी पण्डों पिता स्व. रामसुन्दर पण्डो उम्र 52 वर्ष।देवनरायण पण्डो उम्र 40 वर्ष। धनंजय पण्डी पिता रामरूप पण्डो उम्र 26 वर्ष।अमीरचंद पण्डो पिता फुलचंद पण्डो उम्र 30 वर्ष।संदीप पण्डो पिता देवचंद पण्डो उम्र 25 वर्ष।शिवप्रसाद पण्डो पिता जगधारी पण्डो पिता जगधारी पण्डो उम्र 30 वर्ष, जयकांत पण्डो, सभी निवासी ग्राम विरेन्द्रनगर मि?ट्ठी महुआपारा,चौकी डिंडो,थाना त्रिकुंडा जिला बलरामपुर रामानुजगंज को भेजा सलाखों के पीछे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विकम पण्डो पिता स्व. बासदेव पण्डो उम्र 25 वर्ष ग्राम विरेन्द्रनगर के द्वारा चौकी डिंडो में उपस्थित होकर इस आशय का रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका भाई जयपाल पण्डो पिता स्व. बासदेव पण्डो सा. विरेन्द्रनगर दिनांक 09/10/ 2025 रात्रि करीब 09-10 बजे के बीच अपने दोस्त शिवप्रसाद पण्डो के घर व दुकान तरफ गया था जो रात को घर नहीं लौटा। सुबह करीबन 06 बजे इसके मोबाईल में शिवप्रसाद पण्डो फोन कर बताया कि तुम्हारा भाई जयपाल पण्डो का जंगली सुअर मारने के लिये लगाए गए जीआई तार का फंदे बिजली करेंट में चिपकने से जयपाल की मृत्यू हो गई है। पुलिस ने प्रार्थी कि रिपोर्ट पर मर्ग क0 47/2025 धारा-194 बीएनएसएस तथा अपराध कमांक 62/2025 धारा 105, 3 (5) बीएनएस विद्युत अधिनियम की धारा-135 (क) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। विवेचना दौरान मामले के संबंध में पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में तथा अति पुलिस अधीक्षक बलरामपुर एवं एसडीओपी रामानुजगंज के निर्देशन में प्रकरण के गम्भीरता को देखते हुए प्रकरण के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए जाने पर, चौकी प्रभारी डिंडो नवल किशोर दुबे द्वारा हमराह स्टाफ के साथ रवाना होकर मामले के संदिग्धों देवनरायण पण्डो पिता स्व. रामसुन्दर पण्डो उम्र 40 वर्ष, रामधनी पण्डो पिता स्व. सोनसाय पण्डो उम्रः 52 वर्ष साठ विरेन्द्रनगर (मिठी महुआ पारा) को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ कर गवाह के समक्ष दोनों आरोपियों का कथन लिया गया।



### आरोपियों ने कड़ाई से पूछने में उगला राज

आरोपियों से कड़ाई से पूछने पर आरोपियों ने अपने कथन में बताया कि रामधनी पण्डो देवनरायण पण्डो,धनंजय पण्डो,अमीरचंद पण्डो,संदीप पण्डो,जयकांत पण्डो,शिवप्रसाद पण्डो सभी लोग मिलकर जंगली सूअर मारने के लिये परसा पेड़ व सीधा पेड़ में सुखा लकड़ी लगाकर तार खींचकर खेत डांड़ में नंगा जीआई तार में जमीन से बांस खूटी गाड़कर एक फीट उचा लगाकर बिजली करेंट लगाये थे जो बिजली करेंट में चिपकने से जयपाल पण्डों का मृत्यू हो गया बताये एवं जुर्म करना स्वीकार करने पर आरोपीगण 1. रामधनी पण्डों पिता स्व. रामसुन्दर पण्डो उम्र 52 वर्ष,2. देवनरायण पण्डो उम्र 40 वर्ष,3. धनंजय पण्डी पिता रामरूप पण्डो उम्र 26 वर्ष,4. अमीरचंद पण्डो पिता फुलचंद पण्डो उम्र 30 वर्ष,5. संदीप पण्डो पिता देवचंद पण्डो उम्र 25 वर्ष,6. शिवप्रसाद पण्डो पिता जगधारी पण्डो पिता जगधारी पण्डो उम्र 30 वर्ष, जयकांत पण्डो सभी ग्राम विरेन्द्रनगर मिट्ठी महुआपारा को विधिवत गिरफ्तार कर आज दिनांक 12.10.2025 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# गांजा तस्करी का खेप मंगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

## 6.5 किलोग्राम अवैध गांजा पूर्व मे किया गया था बरामद

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 12 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।




मामले का संछिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 15/09/25 कों थाना कोतवाली पुलिस टीम कों जरिये मुखबीर सूचना मिली कि सतगुरु कबीर आश्रम बस स्टैंड के पीछे संदेही सफ़ेद रंग के प्लास्टिक बोरा मे अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतज़ार कर रहा हैं, सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर संदिग्ध की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया।

आरोपी द्वारा अपना नाम आशुतोष शर्मा आत्मज विजय नारायण शर्मा उम्र 19 वर्ष साकिन परसौना थाना घोरावल जिला सोनभद्र उत्तरप्रदेश का होना बताया,पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे में रखे सफ़ेद प्लास्टिक बोरा की तलाशी लेने पर कुल 6.5 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल किमती लगभग 125000/- रुपये जप्त किया गया, एवं आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर उक्त अवैध मादक पदार्थ गांजा को गुरुचरण यादव के कहने पर उड़ीसा जाकर उक्त अवैध मादक पदार्थ गांजा की खरीदी कर बिक्री करने हेतु लाना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 656/25 धारा 20(बी) एन. डी. पी. एस. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी कों गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था,पुलिस टीम द्वारा मामले मे अग्रिम कार्यवाही करते हुए गांजा की खेप मंगाने वाले आरोपी गुरुचरण यादव का पता तलाश कर पकड़कर पूछताछ किया गया,जो आरोपी द्वारा अपना नाम गुरुचरण यादव आत्मज धनेश यादव उम्र 20 वर्ष साकिन ग्राम सरौली पोस्ट खैराही थाना करमा जिला सोनभद्र उत्तरप्रदेश का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया,आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से प्रकरण के आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शशिकान्त सिन्हा, सहायक उप निरीक्षक अभिषेक दुबे, आरक्षक मंटू गुप्ता,देवेंद्र पाठक सक्रिय रहे।

# छत्तीसगढ़ पशु परीक्षण अधिनियम के तहत दो आरोपी भेजे गए जेल



-संवाददाता-
शंकरगढ़, 12 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ पुलिस ने आरोपी रुकवा पिता स्वर्गीय थुरवा जाति पहाड़ी कोरवा साकिन खरकोना थाना शंकरगढ़,जिला बलरामपुर रामानुजगंज कैलाश दिवाकर पिता स्वर्गीय पदुवा जाति चमार साकिन टिकनी थाना शंकरगढ़,जिला बलरामपुर रामानुजगंज के ऊपर छत्तीसगढ़ पशु परीक्षण अधिनियम 2004 की धारा-5,10 के तहत कार्यवाही कर भेजा न्यायालय। जानकारी के अनुसार प्रार्थी आशीष कुमार गुप्ता पिता महावीर प्रसाद गुप्ता उम्र 26 वर्ष निवासी आमगांव थाना शंकरगढ़,जिला बलरामपुर रामानुजगंज के द्वारा दिनांक 09/10/2025 को शंकरगढ़ पुलिस को सूचना दी गई कि ग्राम आमगांव नहर के पास ग्राम खरकोना निवासी रुकवा पहाड़ी कोरवा एवं कैलाश दिवाकर ग्राम टिकनी के द्वारा अन्य दो-तीन व्यक्ति के साथ ग्राम जमाडी का एक बैल का मृत्यु हो जाने से मृत बैल को दफनाने के लिए आमगांव नहर के पास ले गए जिससे रुकवा कोरवा, कैलाश दिवाकर के द्वारा मृत बैल को कांटकर मांस का बंटवारा करने के लिए घर ले जाने की सूचना दी गई थी पुलिस को सूचना मिलने पर तत्संबंध में गांव के लोगों से पता करने पर उक्त घटना सही होना बताने पर,थाना शंकरगढ़ पुलिस द्वारा प्रार्थी के साथ मौके पर जाकर चेक करने पर पुलिस के आने के अंदेशा होने से आरोपी मौके से फरार हो गए थे, मौके पर तत्संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर मृत बैल को आरोपियो 1.रुकवा पिता स्वर्गीय पुरवा,उम्र 45 वर्ष साकिन खरकोना थाना शंकरगढ़ 2.कैलाश दिवाकर पिता स्वर्गीय पदुआ उम्र 40 वर्ष निवासी टिकनी,शंकरगढ़ के द्वारा मांस बनाकर खाने के उद्देश्य से मांस काट कर ले गए हैं। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना पाए जाने पर देहाती अपराध दर्ज की गई एवं पृथक से नंबर अपराध पंजीकृत कर विवेचना दौरान दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया है, समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने रिमांड हेतु दिनांक 11/10/2025 को माननीय न्यायालय के समछ पेश किया गया।

# तालाब में डूबने से 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला की हुई मौत

-संवादाता-
लखनपुर, 12 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।



सुबह शौच के लिए निकली महिला की तालाब में डूबने से हुई मौत मामला लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुमगराकला निवासी राजकेली यादव पति बहादुर यादव उम्र 65 वर्ष निवासी गुमगराकला जो सुबह लगभग चार बजे अपने पति बहादुर राम यादव को शौच जाने की बात कहकर घर से निकली थी काफी देर बीत जाने पर वापस नहीं आने पर मृतका के पुत्र लोकेश्वर यादव खोजबीन करने घर से निकला वहीं पास के तालाब मे दूर से कुछ तैरता हुआ तालाब मे दिखा पास जाने पर देखा तो उसकी माँ राजकेली यादव मृत अवस्था मे पानी मे पड़ी थी जिसकी सूचना पुत्र लोकेश्वर यादव के द्वारा लखनपुर थाने मे दी गई मर्ग कायम कर पुलिस मामले की जांच मे जुटी है।

# देश को आत्मनिर्भर बनाने स्वदेशी अपनाएं : स्वास्थ्य मंत्री

## पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव पर कसा तंज,बोले-'बाबा अब सिर्फ फिल्मों में बन सकते हैं सीएम'

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 12 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।



प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रविवार को अंबिकापुर स्थित संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत कोई नया नहीं, बल्कि प्राचीन काल से आत्मनिर्भर राष्ट्र रहा है। देश के मसाले, अनाज,वस्त्र और हस्तशिल्प विश्व भर में निर्यात किए जाते थे और भारत समृद्ध व्यापारिक राष्ट्र के रूप में जाना जाता था।

उन्होंने कहा कि भारत की आत्मनिर्भरता को सबसे ज्यादा चोट मुगलों और फिर अंग्रेजों के आगमन के बाद पहुंची, जिन्होंने सुनियोजित तरीके से स्वदेशी भावना को कमजोर किया। लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फिर से आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी गई है, और भारत वैश्विक मंच पर आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। मंत्री ने आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए जनता से खास अपील की कि वे बाजार में केवल देशी और स्थानीय उत्पादों को ही प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा,हम मिठाई, सजावट, उपहार और पटाखे जैसी चीज़ों की खरीदारी में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देंगे, तो इससे न केवल स्थानीय व्यापार को बल मिलेगा बल्कि देश की आत्मनिर्भरता को भी मजबूती मिलेगी।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को सफल बनाने के लिए आम जनता की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने महात्मा गांधी के चरखे का उल्लेख करते हुए कहा कि आज का भारत भी उस स्वदेशी चेतना को पुनर्जीवित कर रहा है।

**स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के प्रयास :** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉक्टरों की कमी के सवाल पर जवाब देते हुए जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य ढांचे को सशक्त करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। खासकर सरगुजा और बस्तर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए विशेष पैकेज लागू किया गया है।

उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में कार्य करने वाले डॉक्टरों को सामान्य वेतन से 45 प्रतिशत अधिक मानदेय दिया जा रहा है, जिससे युवाओं को इन इलाकों में सेवा देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। इसके अलावा नियमित भर्तियों की प्रक्रिया को भी तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। अस्पतालों में रीजेंट (प्रयोगशाला सामग्री) की कमी के विषय में पूछे गए सवाल पर मंत्री ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासन में रीजेंट खरीद प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ,जिसके कारण मौजूदा स्थिति उत्पन्न हुई है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि अब स्थिति सुधर रही है। उन्होंने कहा, मेडिकल कॉलेज के डीन और सीएमएचओ को अब रीजेंट की डायरेक्ट खरीदी की अनुमति दे दी गई है। साथ ही इसके लिए आवश्यक बजट भी जारी कर दिया गया है, ताकि आपूर्ति में देरी न हो।

### 'नायक' फिल्म दिया उदाहरण

प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को लेकर पूछे गए सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा,बाबा (टीएस सिंहदेव) रियल में तो कभी मुख्यमंत्री बन नहीं सकते। हां,अगर कोई फिल्म बना रहे हैं तो उसमें 'नायक' फिल्म की तरह एक दिन के लिए सीएम बन सकते हैं।उन्होंने तंज कसते हुए कहा,जब कांग्रेस की सरकार थी तब उन्हें ढाई साल भी नहीं मिले, अब तो कांग्रेस को 25-50 साल तक सत्ता में आने का मौका नहीं मिलने वाला। ऐसे में अब सिंहदेव जी को मुख्यमंत्री बनने का सपना फिल्मों में ही पूरा करना पड़ सकता है।

# जिला अध्यक्ष चयन को लेकर कांग्रेस की तैयारी तेज,सामाजिक समूहों से भी ली राय

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 12 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।



संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त पर्यावेक्षक दल ने रविवार से सरगुजा के ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों से रायशुमारी प्रारंभ कर दी है। मुख्य पर्यावेक्षक राजेश ठाकुर पूर्व अध्यक्ष झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू एवं भानूप्रतापपुर विधायक सावित्री मण्डावी ने अम्बिकापुर शहर एवं अम्किापुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में ली। बैठक के उपरांत पर्यावेक्षक दल ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारणी सदस्य एवं नवगठित मंडलों के अध्यक्षों एवं उनकी कार्यकारणी से वन टू वन मुलाकात कर उनकी राय ली। अम्बिकापुर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की 6 एवं अम्बिकापुर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कुल 9 मंडलों के अध्यक्ष के साथ ही उनकी कार्यकारणी के सदस्य और बीएलए की टीम पर्यावेक्षक दल से मुलाकात किया। अम्बिकापुर शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक के उपरांत पर्यावेक्षक दल लखनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की रायशुमारी के लिए लखनपुर रवाना हो गया। लखनपुर में सामुदायिक भवन में बैठक के साथ ही वन टू वन चर्चा की गई। इसमें लखनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अतिरिक्त वहां के 9 मंडलों के अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारणी से चर्चा की गई। 13 अक्टूबर को पर्यावेक्षक दल रायशुमारी के लिये उदयपुर, धौरपुर एवं लुंड्रा ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों का दौरा करेगा।

**सामाजिक समूहों से वन टू वन मुलाकात :** सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के उपयुक्त व्यक्ति के लिये ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की बैठक के पूर्व पर्यावेक्षक दल ने सामाजिक समूहों से मुलाकात कर उनसे वन-टू-वन चर्चा की। इनमें जातीय, धार्मिक समूह के साथ ही समाज सेवा में जुडी संस्थाएं भी शामिल थी। ऐसी करीब 22 सामाजिक समूहों के प्रमुख एवं उनके दल से पर्यावेक्षक दल ने करीब 2 घंटे बारी-बारी से मुलाकात कर चर्चा की। धार्मिक एवं जातीय समूहों में आदिवासी समाज,गोड समाज,अनुसूचित जाति वर्ग के समूह, रजक समाज, जायसवाल समाज, कायस्थ समाज,बंग समाज,क्षत्रीय समाज, ब्राम्हण समाज,सिक्ख समाज, मुस्लिम समाज, मसीही समाज के साथ ही समाज सेवा में संलग्न कुछ एनजीओ के प्रमुखों से भी मुलाकात कर उनसे राय ली गई।

# मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत जिले में शिक्षण गुणवत्ता सुधार पर की गई गहन समीक्षा



-संवाददाता-
एमसीबी, 12 अक्टूबर 2025(घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत जिले में शिक्षण स्तर उन्नयन और परीक्षा परिणाम सुधार को लेकर कलेक्टर सभाकक्ष में जिले के सभी प्राचार्यों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता आनंद डोंगरे ने की। बैठक में संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सत्र 2024-25 के बोर्ड परीक्षा परिणाम और परख परीक्षा की समीक्षा की गई। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार सभी प्राचार्यों को सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने का लक्ष्य दिया गया। इसके लिए विद्यालय स्तर पर परिणाम सुधार की ठोस रणनीति तैयार की गई है। कक्षा 10वीं और 12वीं की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस जानकारी को विद्यार्थियों तक पहुंचकर उन्हें प्रेरित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को दिए गए ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी उत्कृष्ट परिणाम लाने के लिए प्रोत्साहित हों।

# इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में शस्त्र पूजन और बौद्धिक कार्यक्रम

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 12 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अंबिकापुर ग्रामीण खंड के सारगवां मंडल के स्वयंसेवकों द्वारा इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में शस्त्र पूजन और बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर घोष वादन के साथ अनुशासित पथ संचलन किया गया, जिसमें बाल स्वयंसेवकों से लेकर प्राध्यापक, छात्र और विभिन्न गांवों से आए स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती के चित्र पर पुष्पांजलि और शस्त्र पूजन से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आरएन खरे ने संघ के 100 वर्षों की विचार यात्रा को याद करते हुए कहा कि संघ ने समाज जीवन के हर क्षेत्र में सकारात्मक कार्य खड़ा कर मानवीय चेतना को जागृत किया है। उन्होंने संघ को भारतीय संस्कृति और राष्ट्र के लिए एक अनुपम भेंट बताया। मुख्य वक्ता नरेंद्र सिन्हा (विभाग संपर्क प्रमुख) ने अपने उद्बोधन में संघ की स्थापना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को रेखांकित करते हुए बताया कि कैसे विजयादशमी के दिन, हिंदुत्व की चेतना और राष्ट्रीय संगठन की आवश्यकता को महसूस करते हुए नागपुर के मोहिते वाड़ा में संघ की स्थापना हुई। उन्होंने कहा कि जब हिंदू कहे जाने पर भी लोग संकोच करते थे, तब संघ ने समाज को आत्मगौरव दिलाने का कार्य किया। उन्होंने संघ के 100 वर्षों के विभिन्न योगदानों को रेखांकित किया, जिसमें असहयोग आंदोलन, गोवा मुक्ति संग्राम,जम्मू-कश्मीर विलय,1962-63 के युद्ध में सैनिक सहायता,राम जन्मभूमि आंदोलन, धारा 370, अमरनाथ श्राइन बोर्ड आंदोलन सहित कई सामाजिक और सांस्कृतिक कार्य शामिल हैं। सिन्हा ने बताया कि संघ शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन जैसे प्रमुख विषयों-सामाजिक सद्भाव, स्वबोध, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक शिष्टाचार-पर विशेष बल दिया जा रहा है। साथ ही संघ कार्य के विस्तार व दृढ़ीकरण हेतु सात प्रमुख गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाएगा। इस संचलन में समीर मंडल,अनंत,रोहन जी, विजय व्यापारी,इंद्रदेव,अविनाश,प्रवीण ,अजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। मार्ग में ग्राम पंचायतों और आम नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

# विधवा महिला के साथ अनाचार,पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

-संवाददाता-
जशपुर, 12 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।



जिले के सोनक्यारी पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव की महिला जो अपने ससुराल से मायके जा रही थी। उसे बीच जंगल में अकेली पाकर एक आरोपी युवक ने पत्थर से कुचलकर जान से मारने की धमकी देकर अपनी हवश का शिकार बनाया। पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध चौकी सोनक्यारी में बीएनएस की धारा 64(1),115(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी निलेश राम भगत, उम्र 22 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 10.10.25 को थाना नारायणपुर क्षेत्रांतर्गत 36 वर्षीय पीड़ित प्रार्थिया ने चौकी सोनक्यारी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि,घटना दिनांक 09.10.25 को प्रार्थिया वह अपने कुछ काम से, पैदल जंगल के रास्ते होते हुए अपने ससुराल से, चौकी सोन क्यारी क्षेत्रांतर्गत अपने मायके आ रही थी, इसी दौरान रास्ते में आरोपी निलेश राम भगत , अचानक पीछे से प्रार्थिया के बाल को खींचकर, उसे पटक दिया तथा घसीटकर ले गया और प्रार्थिया के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी पास में पड़े पत्थर को उठाकर, मारने की कोशिश कर रहा था, इसी दौरान पीड़ित प्रार्थिया के आवाज को सुनकर, गांव की एक लड़की आई, जिसे देखकर आरोपी निलेश राम भगत भाग गया।

# अफगानिस्तान ने 58 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा किया

## पाकिस्तान बोला-सिर्फ 25 की मौत,भारत की तरह तालिबान को मुंहतोड़ जवाब देंगे

**इस्लामाबाद,12 अक्टूबर 2025(ए)।** अफगानिस्तान ने दावा किया कि उसकी सेना ने शनिवार रात को पाकिस्तान सीमा पर हुई झड़प में 58 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया है। यह कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से किए गए हवाई उल्लंघन के जवाब में की गई। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि अफगान सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान की 25 सैन्य चौकियां कब्जे में ले ली हैं। इस कार्रवाई में 58 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए,जबकि 30 अन्य घायल हुए हैं। इसके जवाब में पाकिस्तानी सेना ने कहा कि उसके सिर्फ 25 सैनिक मारे गए हैं,जबकि उसने 200 तालिबानी लड़ाकों को ढेर कर दिया है। अफगान रक्षा मंत्रालय ने कहा- हमारा ऑपरेशन आधी रात को खत्म हो गया। अगर पाकिस्तान ने फिर से अफगानिस्तान सीमा का उल्लंघन किया, तो हमारी सेना देश की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है।

### पाकिस्तान पर आईएसआईएस के आतंकियों को पनाह देने का आरोप

तालिबान ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया है कि वह अपनी जमीन पर आईएसआईएस के आतंकियों को शरण दे रहा है। मुजाहिद ने इन आतंकियों को अफगानिस्तान समेत पूरी दुनिया के लिए खतरा बताते हुए उन्हें पाकिस्तान से निकालने या अफगानिस्तान के हवाले करने के लिए कहा। तालिबान प्रवक्ता ने बताया कि अफगानिस्तान ने अस्थिरता फैलाने वाले सभी तत्वों को खत्म कर दिया था, लेकिन अब उनके नए ठिकाने पाकिस्तान के पख्तूनख्वा इलाके में बना दिए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन ठिकानों पर कराची और इस्लामाबाद एयरपोर्ट के जरिए नए लड़ाकों को लाया जा रहा है और यहीं पर उन्हें ट्रेनिंग दी जा रही है। मुजाहिद ने यह भी दावा किया कि ईरान और रूस में हुए हमलों की योजना भी इन्हीं पाकिस्तानी ठिकानों से बनाई गई थी।



### पाक बोला...भारत की तरह मुंहतोड़ जवाब देंगे

पाकिस्तानी गृह मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि अफगानिस्तान को भी भारत की तरह मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा, ताकि वह पाकिस्तान की ओर बुरी नजर से देखने की हिम्मत न कर सके। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा है कि हालिया हमलों के बाद पाकिस्तान चुप नहीं बैठेगा, ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। वहीं,पाकिस्तानी मीडिया डॉन के अनुसार,पाक सेना ने अफगानिस्तान की 19 सीमा चौकियों पर कब्जा कर लिया।

### इन इलाकों में हुई हिंसक झड़प

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार,दोनों देशों के बीच अंगूर अड्डा,बाजौर,कुर्रम,दीर,चित्राल और खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान को बरामचा समेत कई अग्रिम चौकियों पर झड़प हुई। पाकिस्तान का दावा है कि टीटीपी के आतंकियों को पाकिस्तान में घुसपैठ कराने के लिए सीमा पर गोलीबारी की गई। पाकिस्तानी मीडिया एक्सप्रेस ट्रिब्यून का दावा है कि गोलीबारी में अफगानिस्तान की कई चौकियां तबाह हो गई हैं और कई अफगानी सैनिक और टीटीपी आतंकी मारे गए हैं। हालांकि रिपोर्ट में मृतकों और घायलों के सही आंकड़े नहीं बताए गए।

### अब तक क्या क्या हुआ

तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान ने हाल के वर्षों में पाकिस्तान में कई बड़े आतंकी हमलों को अंजाम दिया है। पाकिस्तान का आरोप है कि टीटीपी नेताओं को अफगान तालिबान का समर्थन है। हालांकि दोनों देशों के बीच कई बार यह मुद्दा उठने के बावजूद हमलों को रोकने के लिए कोई खास कदम नहीं उठाए गए। बीते हफ्ते खैबर पख्तूनख्वा के अरकजई इलाके में हुई मुठभेड़ में एक लेफ्टिनेंट कर्नल समेत 11 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत से पाकिस्तान तिलमिला गया और यही वजह रही कि पाकिस्तान ने ही हाल ही में काबुल में बड़ा हवाई हमला कर टीटीपी नेताओं को निशाना बनाने की कोशिश की। अफगानिस्तान ने पाकिस्तानी हवाई हमले के जवाब में सीमा पर कई पाकिस्तानी चौकियों को निशाना बनाया और भारी गोलीबारी की। कुनार,नांगरहार,पक्तिका,खोश्त और हेलमंद इलाकों में सीमा पर दोनों तरफ से गोलीबारी की पुष्टि हुई है।

### दुनिया भर के देशों ने की शांति की अपील

पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सेनाओं के बीच हिंसक झड़प होने पर अमेरिका के पूर्व राजनयिक जालमे खालिजाद ने चिंता जाहिर की और इलाके में बड़ा संघर्ष छिड़ने की आशंका जाहिर की। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने भी दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है। सऊदी अरब ने दोनों देशों से संयम बरतने और तनाव कम करने की अपील की। सऊदी अरब ने दोनों देशों में शांति और क्षेत्रीय स्थिरता को बनाए रखने के लिए मदद देने की भी पेशकश की। इनके अलावा कतर, ईरान ने भी दोनों देशों से बातचीत करने और संयम बरतने की अपील की है।

### पाकिस्तान को मिला कड़ा जवाब

डूरंड रेखा पर पाकिस्तान और तालिबान के बीच संघर्ष पर रक्षा विशेषज्ञ संजीव श्रीवास्तव ने कहा, अफगान सरकार द्वारा की गई इस तरह की जवाबी कार्रवाई की जिम्मेदारी पाकिस्तान सरकार पर है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के अंदर हमले किए थे,जिसमें कई निर्दोष लोग मारे गए थे। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी, जो एक हफ्ते के भारत दौरे पर हैं,ने पाकिस्तान द्वारा किए गए इस हमले की निंदा की है और उन्होंने इस तरह की जवाबी कार्रवाई का आदेश दिया था,जो हुई भी। अफगानिस्तान की इस जवाबी कार्रवाई में कई पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। पाकिस्तान को कड़ा जवाब मिला है। यह बिल्कुल साफ है कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के रिश्ते अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। पाकिस्तान जहां एक तरफ सीमा पर तालिबान लड़ाकों से जूझ रहा है और दोनों देशों के बीच संघर्ष छिड़ने की आशंका बनी हुई है। वहीं पाकिस्तान आंतरिक हिंसा से भी जूझ रहा है। पाकिस्तानी संगठन तहरीक ए लबैक पाकिस्तान के समर्थक फलस्तीनियों के समर्थन में इस्लामाबाद तक मार्च निकाल रहे हैं। एक दिन पहले ये मार्च हिंसक हो गया और पुलिस की गोलीबारी में कई टीएलपी समर्थक मारे गए।

# एफटीए के लिए भारत और यूरोपीय संघ की 14वीं वार्ता पूरी,इन विवादों को सुलझाने का हुआ प्रयास

**ब्रसेल्स,12 अक्टूबर 2025 (ए)।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के वरिष्ठ अधिकारियों ने ब्रसेल्स में प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 14वीं वार्ता पूरी की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, यह पांच दिवसीय वार्ता छह अक्तूबर को शुरू हुई थी,जिसमें वस्तुओं और सेवाओं से जुड़े विवादों को सुलझाने का प्रयास किया गया है। वार्ता के अंतिम दिनों में भारत के वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल भी शामिल हुए। उन्होंने यूरोपीय आयोग के व्यापार निदेशक सबिन वेयांड से चर्चा की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में उम्मीद जताई है कि दोनों पक्ष जल्द ही समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। वह जल्द ही ब्रसेल्स की यात्रा कर सकते हैं और ईयू के समकक्ष मरोस सेफकोविक से प्रगति की समीक्षा कर सकते हैं। दोनों पक्षों ने दिसंबर तक वार्ता को समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। 2022 में भारत और ईयू ने आठ साल के अंतराल के बाद व्यापक एफटीए, निवेश सुरक्षा समझौता और भौगोलिक संकेत समझौतों पर फिर से वार्ता शुरू की थी। ईयू ऑटोमोबाइल और





चिकित्सा उपकरणों पर टैरिफ में भारी कटौती की मांग कर रहा है। इसके अलावा, यूरोपीय संघ ने वाइन,शराब,मांस जैसे उत्पादों पर शुल्क में कटौती और बौद्धिक संपदा सुरक्षा के लिए मजबूत व्यवस्था की भी मांग कर रहा है।

अगर यह समझौता हो जाता है, तो भारत में तैयार और निर्मित वस्तुएं,दवाएं,इस्पात,पेट्रोलियम उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक मशीनरी यूरोपीय बाजार में अदिक प्रतिस्पर्धी बन सकती हैं। भारत-ईयू व्यापार वार्ता में 23 क्षेत्रों को कवर किया जा रहा है। इनमें वस्तु एवं सेवा व्यापार, निवेश,स्वास्थ्य व कृषि सुरक्षा उपाय,तनकीकी व्यवधान, नियमों की उत्पत्ति,सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा और सतत विकास शामिल हैं। 2024-25 में भारत का ईयू के साथ द्विपक्षीय वस्तु व्यापार लगभग 136.53 अरब डॉलर रहा,जिसमें निर्यात 75.85 अरब डॉलर और आयात 60.68 अरब डॉलर था। ईयू बाजार भारत के कुल निर्यात का लगभग 17 फीसदी है, जबकि ईयू का भारत को निर्यात उसके विदेश को निर्यात का नौ फीसदी है। सेवा के क्षेत्र में भारत और ईयू के बीच 2023 में लगभग 51.45 अरब डॉलर व्यापार था।

# ट्रम्प की मौजूदगी में होगी इजराइली बंधकों की रिहाई

## मिस्र में 20 से ज्यादा देशों के नेता जुटेंगे,हमास का शामिल होने से इनकार

**इजराइल,12 अक्टूबर 2025(ए)।** गाजा सीजफायर समझौते के पहले चरण के तहत 48 बंधकों की रिहाई आज से शुरू हो सकती है, जिनमें से 20 जीवित व्यक्ति और 28 शव सौंपे जाएंगे। इजराइली सेना ने गाजा से अपनी प्रारंभिक वापसी पूरी कर ली, जिसके बाद हमास को 72 घंटे का समय दिया गया है। वहीं,आज मिस्र में गाजा युद्ध समाप्त करने के समझौते पर चर्चा होगी। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सहित 20 से अधिक विश्व नेता भाग लेंगे।

दूसरी ओर, हमास ने मिस्र में सोमवार को होने वाले गाजा पीस समिट के आधिकारिक हस्ताक्षर समारोह (दूसरा चरण) में शामिल होने से इनकार कर दिया है। संगठन के वरिष्ठ नेता होस्साम बडरान ने कहा कि वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की योजना के कुछ हिस्सों से असहमत हैं। बडरान ने कहा, फिलिस्तीनियों को (हमास का सदस्य हो या नहीं) उनकी जमीन से निकालने की बात बेतुकी है। उन्होंने समझौते के दूसरे चरण की बातचीत को जटिल और कठिन बताया। हमास के एक दूसरे अधिकारी ने कहा कि संगठन का निरस्त्रीकरण (हथियार छोड़ना) बिल्कुल असंभव है,भले ही वे गाजा की सत्ता छोड़ दें।

**मिस्र में गाजा युद्ध रोकने के लिए समिट का आयोजन,ट्रम्प शामिल होंगे:** इजराइल लगभग 2,000 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक,अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति इस अदला-बदली की देखरेख करेगी। रिपोर्ट में कहा गया कि अगर हालात अनुकूल रहे तो रिहाई रविवार रात से भी शुरू हो सकती है। मिस्र ने पुष्टि की है कि वह सोमवार को विदेशी नेताओं के लिए एक समिट की मेजबानी करेगा,जिसमें गाजा युद्ध समाप्त करने के समझौते पर चर्चा की जाएगी। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, यह बैठक लाल सागर के खूबसूरत रिसॉर्ट शर्म अल-शेख में होगी। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शामिल होंगे।



### आज इजराइल पहुंचेंगे ट्रम्प, बंधकों से मिलेंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सोमवार सुबह इजराइल पहुंचेंगे और वहां की संसद (नेसेट) को संबोधित करेंगे। उनकी यह यात्रा गाजा में हमास के बंधक बनाए गए इजरायली नागरिकों की रिहाई के समय हो सकती है। इजराइल के मुताबिक ट्रम्प नेसेट में भाषण देंगे और रिहा हुए बंधकों से मिलेंगे। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को इजराइली और अमेरिकी टीमों के बीच फोन पर बातचीत हुई थी। इजरायली अधिकारियों के अनुसार, ट्रम्प सुबह 9:20 बजे बेन गुरियन हवाई अड्डे पर उतरेंगे और दोपहर 1:00 बजे वापस रवाना होंगे। हवाई अड्डे पर स्वागत के बाद, वह नेसेट जाएंगे और सुबह 11:00 बजे संसद को संबोधित करेंगे। इससे पहले, वह प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे।

### भारत की ओर से विदेश राज्य मंत्री समिट में शामिल होंगे

भारत की ओर से विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह (केवीएस) इस समिट में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसके लिए निमंत्रण मिला था। अमेरिकी विदेश विभाग ने शिखर सम्मेलन के लिए कई देशों से संपर्क किया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने स्पेन,जापान, अजरबैजान,आर्मेनिया,हंगरी,अल सल्वाडोर,साइप्रस,ग्रीस,बहरीन,कुवैत और कनाडा सहित कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय साझेदारों को निमंत्रण भेजा है। ईरान को भी आमंत्रित किया गया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सोमवार को मिस्र में होने वाले इस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

### अमेरिकी दूत बोले...गाजा में कुछ शवों का मिलना मुश्किल

अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने शनिवार को बंधक परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कुछ शवों का पता लगाना बहुत मुश्किल हो सकता है। इस बात से परिवारों में गहरी चिंता है। CNN की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल को पहले से पता था कि 7 से 15 बंधकों के शव शायद नहीं मिल सकेंगे,हालांकि अधिकारियों ने इसकी सार्वजनिक पुष्टि नहीं की है।

# जेन जी प्रदर्शनों के बाद नेपाल की जेलों से 540 भारतीय नागरिक फरार



**नेपाल,12 अक्टूबर 2025(ए)।** नेपाल की विभिन्न जेलों में बंद करीब 540 भारतीय नागरिक जेन जी प्रदर्शनों के बाद से फरार हैं। यह जानकारी नेपाल के जेल प्रबंधन विभाग ने रविवार को दी। सूचना के अनुसार,9 सितंबर को हुए जेन जी विरोध प्रदर्शन के दूसरे दिन नेपाल की विभिन्न जेलों से 13,000 से अधिक कैदी फरार हो गए थे। इनमें से 5,000 नेपाली नागरिक, 540 भारतीय और 108 अन्य देशों के कैदी अब भी फरार बताए जा रहे हैं। नेपाल सरकार ने देशभर में फरार कैदियों की तलाश के लिए अलर्ट जारी किया है। जानकारी के अनुसार, सुरक्षा बलों के साथ झड़प के दौरान 10 कैदियों की मौत हो गई थी। वहीं, 7,735 कैदी, जो जेलों से फरार हुए थे,बाद में या तो खुद लौट आए या उन्हें वापस अपने डिटेंशन सेंटर में लाया गया।

# मेक्सिको में भूस्खलन और बाढ़ में अब तक 37 की मौत



**मेक्सिको,12 अक्टूबर 2025(ए)।** मेक्सिको के मध्य और दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में लगातार हो रही भारी बारिश से आई बाढ़ और भूस्खलनों में कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि हजारों सैनिक बचाव अभियान और लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा समन्वय इकाई के अनुसार, हिदाल्गो में सबसे ज्यादा 22 लोगों की मौत हुई है। यहां करीब 150 समुदायों में बिजली आपूर्ति ठप है। पुएब्ला में 9 लोगों की मौत और 16,000 से अधिक घरों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, वेराक्रूज राज्य में 5 लोगों की मौत हुई है।वहां भी करीब 16,000 घर प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा क्रेरेतारो राज्य में एक बच्चे की मौत भूस्खलन में हो गई।

# नेपाल के पूर्व स्पीकर महारा सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

**नेपाल,12 अक्टूबर 2025(ए)।** नेपाल के पूर्व स्पीकर कृष्ण बहादुर महारा को रविवार को सोने की तस्करी में कथित संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया। नेपालल पुलिस के एक बयान के मुताबिक, नेकपा (माओवादी-केंद्र) उपाध्यक्ष महारा को लालितपुर महानगर पालिका स्थित उनके आवास से केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीआईबी) ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि महारा ( 67 वर्षीय) को तीन साल पहले त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रखे गए सोने के टुकड़ों की बिक्री में कथित रूप से शामिल होने के लिए गिरफ्तार किया गया है। इन सोने के टुकड़ों की कीमत करीब 8 करोड 55 लाख रुपये थी।

# रियल एस्टेट सेक्टर में निजी इक्विटी प्रवाह जुलाई-सितंबर में 15 प्रतिशत कम हुआ

**नई दिल्ली,12 अक्टूबर 2025।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच जुलाई-सितंबर में भारतीय रियल एस्टेट में निजी इक्विटी निवेश 15 प्रतिशत घटकर 81.9 करोड़ डॉलर रह गया। पिछले वर्ष की समान अवधि में निजी इक्विटी (पीई) प्रवाह 96.7 करोड़ डॉलर था। संपत्ति सलाहकार एनारॉक ने यह दावा किया है। एनारॉक की शाखा एनारॉक कैपिटल के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-सितंबर अवधि में पीई निवेश पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के 2.6 अरब डॉलर से 15 प्रतिशत घटकर 2.2 बिलियन डॉलर रह गया। इस वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान कुल निवेश में विदेशी पूंजी की हिस्सेदारी 73 प्रतिशत रही। एनारॉक कैपिटल के सीईओ शोभित अग्रवाल ने कहा, वत्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में मजबूत डील ने उम्मीद की एक



किरण दिखाई,हालांकि यह अल्पकालिक था क्योंकि दूसरी तिमाही में गतिविधि फिर से कम हो गई। पूरे साल के आधार पर देखा जाए तो पीई गतिविधि वित्त वर्ष 2021 में देखी गई 6.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर की ऊंचाई से लगातार गिरकर वित्त वर्ष 2025 में 3.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई है। उन्होंने कहा कि आवासीय क्षेत्र में रियल एस्टेट की बिक्री मात्रा अधिक है और इसलिए डेवलपर्स के नकदी प्रवाह में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अग्रवाल ने कहा, इससे महंगे एआईएफ पर उनकी निर्भरता कम हो गई है। इसके अलावा,बेहतर व्यावसायिक गतिशीलता के कारण, बैंकों के पास पर्याप्त पूंजी है और वे पहले के वर्षों के विपरीत, रियल एस्टेट को ऋण देने के लिए अधिक इच्छुक हो गए हैं। वाणिज्यिक अचल संपत्ति के संबंध में उन्होंने कहा कि वर्तमान में रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण काफी अनिश्चितता है। इसके कारण मुद्रास्फीति बढ़ रही है, तथा अन्य वैश्विक व्यापक आर्थिक अनिश्चितताएं हैं। अग्रवाल ने कहा, यही कारण है कि वैश्विक निवेश प्रवाह में कमी आई है। हम इसे एक अस्थायी घटना मानते हैं क्योंकि भारत एक विकासशील बाजार बना हुआ है और उन कुछ देशों में से एक है जहाँ निवेश बढ़ सकता है। एक बार जब ये अनिश्चितताएं दूर हो जाएं और बेहतर स्पष्टता सामने आए, तो वाणिज्यिक अचल संपत्ति में पीई फंड प्रवाह में तेजी आना जारी रहेगा। इस वित्त वर्ष के पहले छह महीनों के दौरान,औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में कोई पीई निवेश नहीं हुआ। वहीं, खुदरा, मिश्रित उपयोग और वाणिज्यिक परिसंपत्ति वर्गों में मजबूत निवेश देखने को मिला। सलाहकार ने कहा कि चालू छमाही में होटल और डेटा केंद्रों में निवेश के प्रस्ताव आए।

# इस हफ्ते दलाल स्ट्रीट में बड़े और छोटे आईपीओ से निवेशकों को मिलेंगे जबरदस्त कमाई के मौके

**नई दिल्ली,12 अक्टूबर 2025।** यह हफ्ता दलाल स्ट्रीट पर एक्शन से भरपूर रहने वाला है। निवेशकों के लिए ये मौका किसी त्योहार से कम नहीं होगा। 13 से 17 अक्टूबर के बीच शेयर बाजार में बड़े-बड़े नामों की एंट्री होने जा रही है। टाटा कैपिटल,एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, कैनरा एचएसबीसी और कैनरा रोबेको जैसे दिग्गज कंपनियों के आईपीओ लिस्ट होंगे। इतना ही नहीं, मिडवेस्ट जैसे नए इश्यू भी निवेशकों को अपनी ओर खींचेंगे। वहीं एसएमई सेक्टर भी पीछे नहीं है, कई छोटे कारोबारी पहली बार शेयर बाजार में कदम रखने जा रहे हैं। मतलब साफ है, इस हफ्ते हर दिन कुछ न कुछ नया देखने को मिलेगा।




मार्केट में हलचल, उम्मीदें और मुनाफे की सुगंध सब साथ-साथ चलेंगी। जो निवेशक मौके की तलाश में हैं, उनके लिए ये हफ्ता गोल्डन चांस साबित हो सकता है। इस हफ्ते कई कंपनियों के शेयर बाजार में डेब्यू करने जा रहे हैं। सबसे ज्यादा चर्चा टाटा कैपिटल के आईपीओ की है। ये फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर का बड़ा नाम है। इसका आईपीओ 13 अक्टूबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होगा। निवेशकों की नजर इस पर टिकी है। इसके अगले ही दिन, 14 अक्टूबर को एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स का आईपीओ बाजार में आएगा। इसका इश्यू 7 से 9 अक्टूबर तक खुला था। इसमें रिटेल और संस्थागत निवेशकों ने जमकर हिस्सा लिया। बाजार में इसकी लिस्टिंग को लेकर उत्साह है। लिस्टिंग का सिलसिला यहीं नहीं रुकता। 16 अक्टूबर को रुबिकॉन रिसर्च के शेयर बाजार में आएंगे। कैनरा रोबेको असेट मैनेजमेंट भी 16 अक्टूबर को ही लिस्ट होंगे।

# सोना-चांदी होंगे और महंगे,बीकेसी के वेबिनार में विशेषज्ञों का अनुमान

**नई दिल्ली,12 अक्टूबर 2025।** सोना-चांदी की कीमतें तेजी के रोज नए रिकॉर्ड बना रही हैं। सोने की यह तेजी टिकाऊ है या बबल, चढ़ते सोने के बीच कैसे करें हेजिंग? इस मुद्दे अमर उजाला द बोनस ने गोल्ड एंड ग्रोथ वेबिनार का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में देश के जाने-माने कमोडिटी विशेषज्ञों ने अपने-अपने विचार रखे। इनमें से ज्यादातर विशेषज्ञों का मानना है कि सोना-चांदी में हाल-फिलहाल गिरावट के आसार नहीं हैं। अभी इनमें तेजी का रुख बरकरार रहेगा। गोल्ड एंड ग्रोथ-फेस्टिवल फंडा वेबिनार की शुरुआत द बोनस के संपादक अंशुमान तिवारी के स्वागत भाषण के साथ हुई। आईबीजेए के राष्ट्रीय सचिव सुरेन्द्र मेहता ने मुख्य भाषण में गोल्ड ज्वेलरी खरीदने के टिप्स दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि



हमेशा बीआईएस हॉलमार्क ज्वेलरी ही खरीदें। साथ ही सुनार से पक्का बिल जरूर लें। आने वाले समय में सोना-चांदी का आउटलुक कैसा रहेगा, इस बारे मिरे एसेट शेयरखान के कमोडिटीज एंड करेंसीज रिसर्च हेड प्रवीण सिंह ने डेटा के साथ बहुत ही रोचक जानकारी दी। बाजार के मौजूदा माहौल को देखते हुए उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में सोना 6000 और फिर 10,000 डॉलर प्रति औंस तक जा सकता है।

# कृष्ण कुमार मिश्रा का दुःखद निधन

## सन्नी मिश्रा को पितृ शोक

**रायगढ़,12 अक्टूबर 2025।** हंडी चौक,अनाथालय रोड निवासी कृष्णकुमार मिश्रा का 65 वर्ष की उम्र में 12 अक्टूबर दिन रविवार को दोपहर 12 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा रविवार को शाम 4 बजे उनके हंडी चौक अनाथालय के पास स्थित उनके निवास से कयाघाट मुक्तिधाम के लिए निकली। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. दयाशंकर मिश्रा के पुत्र व सजन चाट भंडार वाले संतोष मिश्रा के छोटे भाई व नीलेश मिश्रा (सन्नी मिश्रा) के पिताजी थे। बीती रात 12 बजे अचानक उनकी तबीयत खराब हुई। उन्हें उपचार के लिए मेट्रो हास्पिटल में भर्ती कराया गया,जहां कल 12 बजे के आसपास उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई।







# आजादी के बाद पहली बार कोरिया जिले के रनई ग्राम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का पथ संचलन कार्यक्रम हुआ संपन्न

## शताब्दी वर्ष पथ संचलन कार्यक्रम का रनई ग्राम में गजब का उत्साह नजर आया,बच्चे युवा बुजुर्ग सभी बने हिस्सा

**कोरिया/पटना/रनई 12 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपना शताब्दी वर्ष स्थापना दिवस मना रहा है और इस वर्ष विजयादशमी उत्सव एवम पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक ग्राम मोहल्ला स्तर पर किया जा रहा है, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का पथ संचलन कार्यक्रम कोरिया जिले में भी मंडल, ग्राम,और बस्ती स्तर पर जारी है ,इसी क्रम में जिले के ग्राम रनई में भी शताब्दी वर्ष पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों स्वयं सेवकों ने पथ संचलन किया,बता दें कि कोरिया जिले के रनई ग्राम में आयोजित पथ संचलन कार्यक्रम मंडल स्तरीय कार्यक्रम था और गिरजापुर मंडल के विभिन्न ग्रामों से स्वयं सेवक पथ संचलन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे,रनई ग्राम में आजादी के बाद पहली बार ऐसा कोई आयोजन हुआ जो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़ा कार्यक्रम था,रनई ग्राम में इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साहित नजर आए ग्राम के लोग और बच्चे,युवा वृद्ध सभी ने इस संचलन में खुद को हिस्सा बनाया अपनी भूमिका निभाई,रनई ग्राम में सुबह से ही भगवा ध्वज और पताखे लगते नजर आए और भारत माता की जय के नारों से दिनभर ग्राम गुंजायमान रहा,जमीदार परिवार के विकास शुक्ला ने कार्यक्रम को लेकर अच्छी तैयारी की थी वहीं पथ संचलन के दौरान ग्राम में जगह जगह महिलाओं ने स्वयं सेवकों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। ग्राम में पथ संचलन उपरांत स्वयं सेवक पुनः आयोजन स्थल पर पहुंचे और उन्होंने कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के वक्तव्य सुने,ग्राम के लोगों ने इस तरह के आयोजन का पहली बार ग्राम में होने को ग्राम का सौभाग्य बताया और उन्होंने स्वयं सेवक बनकर देश सेवा की बातें भी कहीं। कोरिया जिले में गिरजापुर मंडल का यह पथ संचलन कार्यक्रम जिले के सबसे बड़े पथ संचलन में गिना गया और ग्राम के उत्साह की सराहना हुई जो ग्राम के प्रत्येक व्यक्ति ने कार्यक्रम में अपनी भूमिका निभाने कोई कसर नहीं छोड़ी।

### 15 अक्टूबर को नगर पटना में होगा शताब्दी वर्ष पथ संचलन कार्यक्रम

शताब्दी वर्ष पथ संचलन कार्यक्रम सतत् जारी है जो क्रमशः जिले के हर मंडल ग्राम या बस्ती तक आयोजित की जा रही है,इसी क्रम में नगर पटना में 15 अक्टूबर को नगर पथ संचलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें नगर पटना के स्वयं सेवक शामिल होंगे,नगर पटना पुराने स्वयं सेवकों की उपस्थिति में शताब्दी वर्ष पथ संचलन आयोजन देख सकेगा और वह देशभक्ति की भावना का एहसास कर सकेगा। नगर पटना में काफी पुराने समय से पथ संचलन कार्यक्रम होता आया है और शताब्दी वर्ष पथ संचलन कार्यक्रम भी नगर में होता नजर आयेगा।

### ग्राम रनई का कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा

ग्राम रनई में भले ही आजादी पश्चात पहली बार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का कोई कार्यक्रम होता नजर आया लेकिन कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा, कार्यक्रम में शामिल स्वयं सेवकों की संख्या उपस्थित ग्राम जनों की संख्या संघ के प्रथम आयोजन के अनुसार काफी अधिक रही,ग्राम जनों का उत्साह पुष्प वर्षा के दौरान नजर आया जब उन्होंने हर घर के दरवाजे के सामने पथ संचलन कर रहे स्वयं सेवकों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### रनई जमीदार परिवार ने की स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा

पथ संचलन कार्यक्रम के दौरान ग्राम भ्रमण करते स्वयं सेवकों पर रनई जमीदार परिवार ने पुष्प वर्षा की,जमीदार परिवार के द्वारा काफी तादाद में फूलों की व्यवस्था की गई थी और उनके निवास के सामने से स्वयं सेवकों के निकलते समय उत्साह से परिवार के सदस्यों ने पुष्प वर्षा करते हुए स्वयं सेवकों का स्वागत किया,जमीदार परिवार की महिलाओं ने भी पुष्प वर्षा कर राष्ट्रभक्त स्वयं सेवकों का सम्मान किया। रनई का पथ संचलन कार्यक्रम कई मायनों में ऐतिहासिक रहा क्योंकि ग्राम में स्वयं सेवकों का उत्साह वर्धन पग पग पर हुआ। टूटा मिथक आरएसएस कोई दल नहीं, धर्म की ध्वज पताका थामने दलीय भावना का त्याग कर ग्राम के लोग आए सामने,ग्राम के लोगों ने कार्यक्रम को बनाया सफल-रनई के पथ संचलन कार्यक्रम उपरांत यह तय हो गया कि आरएसएस कोई दल नहीं धर्म रक्षा समूह है जिसका समर्थन ग्राम के हर व्यक्ति ने किया,पथ संचलन कार्यक्रम में दिखा एक एक व्यक्ति का ग्राम के उत्साह बताता है कि आरएसएस की स्वीकार्यता दलीय भावना से अलग है, रनई का पथ संचनल कार्यक्रम इसलिए भी ऐतिहासिक रहा क्योंकि ग्राम का हर व्यक्ति इसमें खुद को शामिल मानकर उपस्थित हुआ।

## विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान संपन्न

# स्वदेशी वस्तुओ के उपयोग से बनेगा भारत आत्मनिर्भर : राजवाड़े

**-संवाददाता- बैकुण्ठपुर,12 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।**




देशव्यापी आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन अस्थाई भाजपा कार्यालय भवन मे किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने भारत माता,पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि कर किया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा,जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, रविशंकर राजवाड़े,राजेश सिंह, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता,कपिल जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे,जिला मंत्री शारदा गुप्ता,प्रदीप तिवारी, सुनीता कुर्रे,उपस्थित रहें।

कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता बैकुंठपुर विद्यायक भैयालाल राजवाड़े ने कहा कि, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने नागरिकों और दुकानदारों से वोकल फॉर लोकल के तहत भारत में निर्मित वस्तुओं का समर्थन करने का आग्रह किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि स्वदेशी उत्पादों की शुरूआत गर्व और शक्ति की भावना से होनी चाहिए,न कि मजबूरी से। उन्होंने आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने, उद्यमशीलता को समर्थन देने और भारत के आर्थिक और औद्योगिक आधार को मजबूत करने के लिए दुकानों के बाहर स्वदेशी बोर्ड जैसे दृश्य प्रचार का आह्वान किया। उन्होंने कहा, आज एक तरफ जहाँ दुनिया ग्लोबल वार्मिंग पर बहस कर रही है. वहीं भारत ने 2030 तक 50% स्वच्छ ऊर्जा हासिल करने का संकल्प लिया,फिर भी,लोगों की प्रतिबद्धता की बदौलत,यह तक्ष्य 2025 तक पूरा हो गया।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने कहा कि, सौर, परमाणु, जलविद्युत और हाइड्रोजन ऊर्जा को और उन्नत किया गया है, जो ऊर्जा स्वतंत्रता की दिशा में एक अहम कदम है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व मे भारत आधुनिक रक्षा नवाचारों से प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जो किसी भी खतरे का त्वरित,सटीक और शक्तिशाली जवाब देने में सक्षम है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के अपने अंतरिक्ष स्टेशन के लिए महत्वाकांक्षी योजनाओं का एलान किया,जिससे स्वदेशी अंतरिक्ष क्षमताओं के एक नए युग का संकेत मिलता है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि 300 से ज्यादा स्टार्टअप, उपग्रहों, अन्वेषण और अत्याधुनिक अंतरिक्ष तकनीकों में सक्रिय रूप से नए विचारों पर काम कर रहे हैं, जिससे यह साफ होता है कि भारत न केवल अंतरिक्ष विज्ञान और अन्वेषण में भाग ले रहा है,बल्कि वैश्विक स्तर पर अग्रणी भूमिका भी निभा रहा है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता कामतानाथ तिवारी,जिला सोशलमिडिया सह संयोजक राकेश गुप्ता,वर्षा साहू,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश्वर रजक,मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक,रामलखन यादव, दीपा विश्वकर्मा,मैनेजर राजवाड़े,संजय चिकनजूरी,रमन गुप्ता,सचिदानंद द्विवेदी, सत्यम साहू, सुशीला साहू,रीता यादव, सुरेश सिरदार देवेन्द्र सिरदार,मुन्ना चक्रधारी, उर्मिला सिंह,सीमा रानी,सिमरन श्रीवास्तव, झरमिला सिंह, रूपचंद गुप्ता,श्रीम राजवाड़े, अहिल्या राजवाड़े,पुष्पा राजवाड़े,सुरेन्द्र कुशवाहा,सहित पार्टी कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहें।

# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर 'सशक्त बालिका-सशक्त समाज' थीम पर जिलेभर में विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन'

**-संवाददाता- कोरबा,12 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।**



अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिलेभर में सशक्त बालिका सशक्त समाज थीम पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह दिवस इस संदेश के साथ मनाया गया कि हर बालिका अपने भीतर अपार संभावनाएं और समाज को नई दिशा देने की क्षमता रखती है। जिले की 40 ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से बालिकाओं के अधिकार,सम्मान और सशक्तिकरण पर विशेष रूप से बल दिया गया। इन कार्यक्रमों में बालिकाओं की सक्रिय भागीदारी रही, जहाँ उन्हें आत्मविश्वास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया और आत्म-अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान किया गया। कार्यक्रमों में बालिका सभाएँ आयोजित की गईं, जिनमें बेटियों ने पंचायत के समक्ष अपने विचार और आकांक्षाएँ व्यक्त कीं। जनजागरूकता रैली के माध्यम से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और समान अवसर समान अधिकार के संदेशों को समाज तक पहुँचाया गया। विजन बोर्ड निर्माण गतिविधि के अंतर्गत बालिकाओं ने अपने सपनों और लक्ष्यों को चित्रित किया, वहीं उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त बालिकाओं को सम्मानित कर अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनाया गया। इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि बालिकाएँ हमारे समाज की वास्तविक शक्ति हैं। जब एक बालिका शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी होती है, तब केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरा परिवार, समाज और राष्ट्र विकास की दिशा में अग्रसर होता है। प्रशासन का प्रयास है कि कोरबा जिले की हर बालिका को शिक्षा का अवसर, स्वास्थ्य की सुरक्षा, सुरक्षा का अधिकार और आत्म-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मिले। सभी अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों और नागरिकों से यह अपील की गई कि वे अपनी बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर दें, उन्हें सपने देखने और उन्हें साकार करने की आज़ादी दें। साथ ही यह सामूहिक संकल्प लिया गया कि हर बालिका को समान अवसर, सुरक्षा और सम्मान मिले, क्योंकि सशक्त बालिका ही सशक्त समाज की पहचान है।

# पीएम मोदी ने की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की शुरुआत

## पीएम धन्य-धान्य योजना से कृषि उत्पादकता,फसल विविधीकरण और किसानों की आय में होगी वृद्धि





**एमसीबी,12 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से देश के किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल की गई है। योजना के अंतर्गत पूरे देश में 100 कृषि जिलों का चयन किया गया है, जिनमें छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर,कोरबा और दंतेवाड़ा जिले शामिल हैं। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना में 36 केंद्रीय योजनाओं का एकीकृत क्रियान्वयन करते हुए कृषि उत्पादकता में वृद्धि, फसल विविधीकरण और सतत् कृषि पद्धतियों को बढ़ावा दिया जाएगा। योजना का मुख्य उद्देश्य पंचायत एवं ब्लॉक स्तर पर कटाई उपरांत भंडारण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई के बुनियादी ढांचे में सुधार,आधुनिक तकनीकों के उपयोग को प्रोत्साहन,तथा अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक कृषि ऋण सुविधाओं को सुलभ बनाना है। इसके माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के अनुकूल,बाजार उन्मुख और टिकाऊ कृषि प्रणाली को सशक्त बनाया जाएगा।

**मनेंद्रगढ़ जिले में धन-धान्य कृषि योजना का हुआ वर्चुअल शुभारंभ :** वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन देशभर के जिलों की तरह मनेंद्रगढ़ जिले में भी उत्साहपूर्वक किया गया। जिला स्तर पर यह कार्यक्रम वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मनेंद्रगढ़ के सभागार में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रामजीत लकड़ा,जनपद पंचायत कृषि स्थायी समिति सभापति रविशंकर वैश्य, जनपद सदस्य आनंद सिंह सहित अनेक कृषकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि इन्द्रासन सिंह पैकरा,सहायक संचालक मत्स्य ओ.पी. मण्डावी,अनुविभागीय अधिकारी कृषि श्री धर्मेन्द्र कुमार कुर्रे,वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रवि कुमार गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना से किसानों को नई दिशा मिलेगी तथा कृषि क्षेत्र में समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। इस योजना से न केवल उत्पादन क्षमता बढ़ेगी,बल्कि किसानों को बेहतर बाजार और तकनीकी सहायता भी प्राप्त होगी।

**जिले में इस योजना से आत्मनिर्भर किसान और सशक्त ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नई शुरुआत :** प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गई यह योजना किसानों की आय दोगुनी करने, कृषि क्षेत्र को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

एमसीबी जिला भी इस योजना से सीधे लाभान्वित होगा। जिले में वर्तमान में लगभग 1.28 लाख से अधिक कृषक परिवार पंजीकृत हैं, जिनमें से 80 प्रतिशत लघु एवं सीमांत किसान हैं। इस योजना के माध्यम से जिले में अनुमानित 45 हजार हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में सिंचाई विस्तार, 10 हजार टन अतिरिक्त भंडारण क्षमता का निर्माण तथा 250 से अधिक किसान उत्पादक समूह ( FPOs) को तकनीकी और वित्तीय सहयोग प्राप्त होगा। दलहन उत्पादन में वृद्धि के लिए विशेष दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के अंतर्गत जिले के भरतपुर एवं खड़गवां ब्लॉक को मॉडल क्लस्टर के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां उच्च गुणवत्ता के बीज, प्रशिक्षण, और प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना की जाएगी। इससे जिले में न केवल धान पर निर्भरता कम होगी, बल्कि फसल विविधीकरण, मिट्टी की उर्वरता संरक्षण और कृषक आय में 25 से 30 प्रतिशत तक वृद्धि का अनुमान है।

### आत्मनिर्भर किसान से बनेगा समृद्ध भारत

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जैसे पर्वतीय और आदिवासी अंचलों में इस योजना का क्रियान्वयन ग्रामीण विकास की नई परिभाषा गढ़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी की यह पहल निश्चित ही छत्तीसगढ़ के किसानों को धान के भंडार से समृद्ध भारत की ओर अग्रसर करेगी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) भैयाथान,जिला-सूरजपुर(छ0ग0)

रा0प्र0क्र0- /अ-2/2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत बंजा/नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद जिला सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि श्री रमेश कुमार साहू पिता/पति समयलाल साहू निवासी बंजा के द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा नं0 1872/4 रकबा 0.02हे0 जो ग्राम बंजा प.ह.नं 10 रा0नि0मं0 शिवप्रसादनगर सूरजपुर में स्थित है के वाणिज्यिक भू-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतू इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में ग्राम पंचायत / नगर पंचायत/नगर पालिका निगम क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 24/10/2025 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06/10/2005 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी(रा) भैयाथान जिला- सूरजपुर

# बरसात हुई खत्म अब कोयला चोरी की सुगबुगाहट हुई शुरू

## क्या जिलाध्यक्ष भाजपा कोरिया जिले में इस साल देंगे कोयला चोरी की अनुमति







- **कोयला चोरों की तैयारियां हो गई हैं शुरू,पुलिस थानों में लग रही है कोयला चोरों की हाजरी, सबकुछ के बावजूद जिलाध्यक्ष भाजपा का रुख तय करेगा कोयला चोरी होगी या नहीं**
- **करोड़ों का होता है एक सीमित अवधि में कोयला चोरी का व्यवसाय,सफेदपोश हैं इसके सरगना**
- **पटना,चरचा,सोनहत पुलिस थाना क्षेत्र में होती है कोयला चोरी,राजनीतिक दलों के लोग भी होते हैं इस कार्य में शामिल**

-संवाददाता-
कोरिया/सोनहत, 12 अक्टूबर 2025
(घटती-घटना)।

बरसात अब लगभग मानसून की विदाई के साथ जाने वाली है,बरसात जाने का इंतजार इस वर्ष किसानों को ज्यादा है क्योंकि इस वर्ष हुई लगातार और अति वर्षा से किसान चिंतित हैं क्योंकि फसल पकने की कगार पर है और अब तक बारिश जारी है,वैसे किसान इसी वर्ष केवल बारिश जाने का इंतजार कर रहे हैं वहीं हर वर्ष बारिश के लौटने का इंतजार भी करने वाले लोग जिले में हैं जो जल्द से जल्द बारिश की वापसी की प्रार्थना ईश्वर से करते रहते हैं,यह लोग कोयला चोरी में जुड़े लोग हैं जिनकी वर्ष भर की आजीविका इसी चोरी के व्यापार से जुड़ी रहती है जो जल्द से जल्द बारिश जाने का इंतजार करते हैं जिससे वह अधिक से अधिक समय तक कोयला चोरी का व्यवसाय कर सकें अधिक से अधिक पैसा कमाकर अपने लिए वर्ष भर की आजीविका जुटा सकें,वैसे बीते वर्ष इस व्यापार में सत्ताधारी दल भाजपा के नए जिलाध्यक्ष ने ऐसा अवरोध उत्पन्न किया था कि यह चोरी का व्यापार कोयला चोर पहले की तरह नहीं कर पाए और उन्हें वैसी कमाई नहीं हुई जैसी पहले हुआ करती थी लेकिन अब कोयला चोरों को उम्मीद है कि भाजपा जिलाध्यक्ष इस वर्ष उन्हें चोरी के इस व्यापार की छूट देंगे और वह खुलकर पुनः चोरी कर सकेंगे। वैसे पूर्व में भाजपा शासनकाल की बात करें या पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल की बात करें कोयला चोरों का हौसला कभी कम नहीं हुआ उन्हें हमेशा चोरी का खुला अधिकार मिलता रहा और वह चोरी करते रहे,कोयला चोरों के लिए केवल बुरे दिन स्वरूप पिछला वर्ष बीता जिसमें वह यह कारोबार नहीं कर पाए भला जिलाध्यक्ष इस कार्य में रोड़ा बनकर एक अवरोध कारण बने। अब देखना है कि क्या भाजपा जिलाध्यक्ष इस बार अनुमति प्रदान करते हैं कोयला चोरी के लिए या वह पहले की तरह अटल रहने वाले हैं अपने निर्णय पर अपने फैसले पर जो कोयला चोरों के विरुद्ध है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष कोरिया देवेंद्र तिवारी राष्ट्रीय संपत्ति की चोरी स्वीकार नहीं वाला पिछला बयान क्या पुनः दोहराने वाले हैं?

पिछले वर्ष जब देवेंद्र तिवारी सत्ताधारी दल के जिलाध्यक्ष बने तब उन्होंने सबसे पहला कोई बड़ा बयान दिया तो यह दिया कि राष्ट्रीय संपत्ति की चोरी वह नहीं सहेंगे वह कोयला को राष्ट्रीय संपत्ति मानते हैं और इसकी चोरी बर्दाश्त नहीं होगी,देवेंद्र तिवारी के बयान के बाद यह कारोबार पूरी तरह प्रभावित हुआ था और किसी कोयला चोर को चोरी की अनुमति नहीं मिली थी केवल पटना थाना क्षेत्र में कुछ कोयला चोर दबी के सक्रिय थे जिन्होंने किसी तरह घर परिवार के लिए साल भर की रोजी रोटी जुटाई थी। वृहद स्तर पर कोयला चोरी गत वर्ष बंद ही नजर आया था।वैसे पिछले वर्ष के बयान पर क्या इस वर्ष भी जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी कायम रहने वाले हैं क्या इस बार भी वह अपने पूर्व बयान पर अडिग नजर आयेंगे।

### पुलिस थानों में कोयला चोरों की हाजरी लगनी शुरू हुई:सूत्र

बताया जाता है सूत्रों द्वारा की जिले के पुलिस थानों में कोयला चोरों की हाजरी लगनी शुरू हो चुकी है,कोयला चोर पुलिस थानों में अपनी अपनी पैठ जमाने में लगे हुए नजर आ रहे हैं जिससे यदि भाजपा जिलाध्यक्ष अनुमति देते हैं वह कोयला चोरी के व्यापार में पूर्व की भांति कूद पड़ेंगे, वैसे सूत्रों की बातें सूत्र जाने लेकिन कोयला चोरों के बीच खलबली और हड़बड़ाहट साफ देखी जा रही है जो साबित करती है कि तैयारियां जारी हैं बस हरि झंडी का इंतजार है।

### जिलाध्यक्ष भाजपा को किसी तरह मनाने भी बनाई जा रही रणनीति,कौन जिलाध्यक्ष को मना पाएगा कोयला चोरों की खोज जारी

जिलाध्यक्ष भाजपा कोरिया को मनाने के लिए भी कोयला चोर रणनीति बनाते सुने जा रहे हैं,कौन भाजपा जिलाध्यक्ष को प्रभाव में विश्वास में ले सकता है इसकी तलाश जारी की है कोयला चोरों ने ऐसा बताया जा रहा है,अब देखना है कि क्या भाजपा जिलाध्यक्ष को मनाने की कोशिश में सफल हो पाते हैं कोयला चोर या नहीं।

### वर्ष भर की परिवार की आजीविका की चिंता में कोयला चोर हर कोशिश के लिए तैयार

कोयला चोरों का घर खासकर वर्ष भर की उनकी पारिवारिक आजीविका का एकमात्र रास्ता कोयला चोरी ही है,कोयला चोरों के सामने यह स्थिति है कि वह हर हाल में भाजपा जिलाध्यक्ष को मनाने प्रयास करेंगे चाहे माध्यम उन्हें किसी को बनाना पड़े।

### जिलाध्यक्ष की टीम पिछले वर्ष खुद करती थी कोयला चोरी की निगरानी,या इस वर्ष भी बनेगी टीम

पिछले वर्ष जिले में कोयला चोरी का काम केवल जिलाध्यक्ष भाजपा के बयान मात्र से नहीं बंद हो सका था, जिलाध्यक्ष की एक टीम हर पुलिस थाना क्षेत्र के लिए बनी थी जो खुद रात्रि गस्त करती थी जिसके कारण कोयला चोरों को मजबूरी में कोयला चोरी बंद करनी पड़ी थी और पुलिस भी इसलिए तब सक्रिय हुई थी क्योंकि उसे भी भय था कि कोयला चोरों और जिलाध्यक्ष भाजपा की निगरानी टीम में कोई विवाद न हो जाए जो किसी बड़ी घटना में तब्दील हो जाए इसलिए तब पुलिस ने भी कोयला चोरों को साफ मना कर दिया था। और कोयला चोरी बंद हो गई थी।



# अवैध मादक पदार्थ तस्करी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
**कोरबा, 12 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।** कोरबा से बनारस जा रही एक बस में छापामार कार्यवाही कर बलरामपुर जिला के बसंतपुर थाना क्षेत्र की चौकी वाड्रफनगर की पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ (गांजा) की बड़ी खेप के साथ दो कथित तस्करों को पकड़ा है। बताया जा रहा हैं कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कोरबा से दो युवक बैग में अवैध मादक पदार्थ लेकर बस से बनारस की ओर रवाना हुए हैं। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी वाड्रफनगर ने टीम गठित कर नाकाबंदी शुरू कर दी। रात्रि लगभग 12:30 बजे उक्त बस वाड्रफनगर चौकी के सामने पहुंची, जिसे रोककर पुलिस ने तलाशी ली। बस के ऊपरी बर्थ पर बैठे दो युवकों के पास रखे दो बैगों की जांच में प्रत्येक के पास 2.100 किलो ग्राम गांजा बरामद हुआ। कुल 4.200 किलो गांजा जब्त कर अपराध क्रमांक 188/2025 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में दोनों व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि वे यह गांजा उड़ीसा से लेकर आए थे और उत्तरप्रदेश में बेचने के उद्देश्य से परिवहन कर रहे थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर रामानुजगंज न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक धीरेंद्र तिवारी, सहायक उप निरीक्षक पुष्पराज सिंह, आरक्षक रामजीत राम, अंकित जायसवाल, देव कुमार, गोपाल सैनिक एवं धीरेन तिवारी आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की नई मिसाल बनी सेमवती

## स्व-सहायता समूह से जुड़कर गाँव में बैंकिंग सेवाएँ पहुँचाने वाली प्रेरणादायी महिला

-संवाददाता-
एमसीबी, 12 अक्टूबर 2025
(घटती-घटना)।

मनेंद्रगढ़ ब्लॉक के ग्राम कछौड़ की रहने वाली सेमवती सिंह आज महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता और सामाजिक सशक्तिकरण की जीती-जागती मिसाल बन चुकी हैं। एक साधारण ग्रामीण महिला से लेकर बैंकिंग सेवाएँ गाँव-गाँव पहुँचाने वाली बीसी सखी बनने तक की उनकी यात्रा बेहद प्रेरणादायी है।

**बचत से शुरू हुई नई राह :** वर्ष 2017 में सेमवती ने जय माँ जगदम्बा महिला स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपनी नई शुरुआत की। उनका उद्देश्य था दृ छोटी-छोटी बचतों को जोड़कर परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारना और आगे कुछ बड़ा करना। समूह की बैठकों में उनकी सक्रियता, मेहनत और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें बैंक सखी के रूप में चयनित किया गया। दस दिन का विशेष प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उन्हें ग्राम संगठन से 68 हजार रुपये का ऋण मिला। इस राशि से उन्होंने लैपटॉप और प्रिंटर खरीदा और डिजिटल सेवाओं की शुरुआत की।

**तकनीक और सेवा से बढ़ी पहुंच :** सेमवती का काम धीरे-धीरे गाँव में फैलने लगा। उनकी बढ़ती सेवाओं को देखते हुए उन्हें माइक्रो एटीएम भी उपलब्ध कराया गया। आज उनके माध्यम से हर माह लगभग 500 लेनदेन संपन्न होते हैं, जिनसे उन्हें 5 से 6 हजार रुपये की मासिक आय हो जाती है। उन्होंने अपनी इस आय को आगे बढ़ाते हुए एक किराना दुकान भी खोली, जिससे उन्हें लगभग 15 हजार रुपये की अतिरिक्त आय होती है। इस तरह उनकी कुल मासिक आय अब 20 हजार रुपये तक पहुँच चुकी है।

**बीसी सखी बनकर गाँववासियों को मिली सुविधा :** वर्ष 2018 में सेमवती छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की बीसी सखी बनीं। इस भूमिका में उन्होंने अपने गाँव के लोगों को घर-घर जाकर बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध कराना शुरू किया। अब ग्रामीणों को खाता खोलने,राशि जमा और निकासी के लिए दूर-दराज बैंक शाखा तक नहीं जाना पड़ता। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसी योजनाओं से सैकड़ों ग्रामीणों को जोड़ा। पिछले पाँच वर्षों में सेमवती ने लाखों रुपये के लेनदेन किए और लोगों के बीच भरोसेमंद बैंकिंग प्रतिनिधि के रूप में पहचान बनाई।

### चुनौतियाँ और सफलता

सेमवती बताती हैं कि शुरुआत में उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। गाँव के लोग डिजिटल सेवाओं को लेकर संकोच करते थे, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने विश्वास कायम किया। धैर्य, मेहनत और ईमानदारी ने उन्हें न सिर्फ सम्मान दिलाया, बल्कि परिवार और समाज में उनकी स्थिति को भी मजबूत बनाया।

### भविष्य की योजना और प्रेरणा

सेमवती का सपना है कि वह अपनी सेवाओं को और अधिक गाँवों तक पहुँचाएँ और अधिक से अधिक महिलाओं को स्व-सहायता समूह से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाएँ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की योजनाओं का आभार व्यक्त करते हुए वह कहती हैं कि इन योजनाओं ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में नया आत्मविश्वास जगाया है। आज सेमवती सिंह न केवल अपने परिवार की आर्थिक मजबूती का आधार हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत और आदर्श बन गई हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि यदि दृढ़ संकल्प और सही अवसर मिले, तो कोई भी महिला आत्मनिर्भर बन सकती है और समाज में बदलाव की नई राह खोल सकती है।







# मम्मी नू पसंद नहीं तू..फेम सिंगर बोलीं:लड़ना बुरा लगता है,लेकिन हिस्से में लड़ाई आई,प्रोड्यूसर पिंकी धालीवाल से हुई थी कंट्रोवर्सी

**मेरी मम्मी नू पसंद नहीं तू... फेम बॉलीवुड सिंगर सुनंदा शर्मा और म्यूजिक प्रोड्यूसर पिंकी धालीवाल की कन्ट्रोवर्सी पिछले समय में काफी सुर्खियों में रही। यह मामला सीएम हाउस पंजाब भगवंत मान तक पहुंच गया था। अब सुनंदा शर्मा ने एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने बिना किसी का नाम लिए लिखा है,मुझे लड़ना हमेशा बहुत बुरा लगता है,लेकिन मेरे हिस्से में आखिर लड़ाई ही आती है,लड़ाई अपने हक के लिए, लड़ाई अपने परिवार को एक अच्छी जिंदगी देने के लिए और लड़ाई अपनी आजादी के लिए।**

### दोबारा जर्नी शुरू करने के लिए हौसला चाहिए...

सुनंदा शर्मा ने पोस्ट में आगे लिखा है कि एक बात कहनी थी...जब आप बहुत कुछ फेस करने के बाद दोबारा अपनी जर्नी शुरू करते हैं, तो उसके लिए बहुत हौसला चाहिए होता है। आपको बहुत मजबूत बनना पड़ता है। हर किसी के पास ऐसा विकल्प नहीं होता।

### मैं अपने आप से इंस्पायर हूं...

मैं अपने आप से ही बहुत इंस्पायर हूं। जैसे मैंने सब कुछ ग्रेस और आप सबकी सपोर्ट से हैंडल कर लिया, यह हर कोई नहीं कर सकता। यह रास्ता आसान नहीं था।

### वाहेगुरु ने हमेशा साथ दिया...

मुझे लड़ना हमेशा बुरा लगता है, लेकिन मेरे हिस्से में आखिर लड़ाई ही आती है अपने हक,परिवार और आजादी के लिए। पर मेरे अंग-संग मेरे वाहेगुरु जी ने हमेशा साथ दिया, मुझे कभी झुकने नहीं दिया।

### फायदे के लिए दिया जाता है साथ...

यहां किसी से कोई उम्मीद मत रखना। लोग सिर्फ उसी वक्त साथ देते हैं,जब उन्हें आपसे कोई फायदा होता है।

### ऊपर वाले से ही आशा रखो...

जो मैंने सबसे बड़ी बात सीखी है, वह यह है कि आशा रखो, लेकिन सिर्फ ऊपर वाले से। उसके पास किसी चीज की कमी नहीं है। मैंने यह भी सीखा है कि मेरी किस्मत बहुत अच्छी है। मेरे मालिक ने खुद मुझे सारे रास्ते दिखाए हैं। मेरी दुआ और प्यार उस हर बच्चे के साथ है जो अच्छे नियमों से मेहनत करके आगे बढ़ रहा है।



### सुनंदा शर्मा पिछले दिनों इस वजह से सुर्खियों में...

1. सुनंदा शर्मा का प्रोड्यूसर पिंकी धालीवाल के साथ विवाद हो गया था। सुनंदा शर्मा ने उस पर वित्तीय शोषण का आरोप लगाया था। मामला मोहाली थाने में पहुंचा। इसके बाद पिंकी धालीवाल की अरेस्ट तक हुई। मामला सीएम भगवंत मान तक पहुंचा था। इसके बाद मामला हाईकोर्ट तक गया। बाद में दोनों पक्षों मामला सुलझ गया था।
2. चार महीने पहले सुनंदा शर्मा लंदन गई थी। वहां पर उनकी जगुआर कार में तोड़फोड़ की गई। कार का पिछला शीशा तोड़कर चोर महंगे बैग और अटैची चोरी कर ले गए। सिंगर इन दिनों लंदन में किसी काम से पहुंची हैं। इसका भी उन्होंने खुद वीडियो शेयर किया। पंजाब में आ गई बाढ़ में भी वह डटी रही।

### नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ म्यूजिक वीडियो

**सुनंदा शर्मा पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री का नामी चेहरा है। उन्होंने बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ म्यूजिक वीडियो बारिश की जाए में अभिनय किया था,जो काफी लोकप्रिय हुआ। इसके अलावा,सुनंदा,सलमान खान के शो बिग बॉस में भी गेस्ट बनकर जा चुकी हैं, जहां सलमान ने उनके गानों की जमकर तारीफ की थी। उनका गाना बारिश की जाए यूट्यूब पर 680 मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है, जो अब तक का उनका सबसे सफल गाना है। वहीं, मम्मी नू पसंद नहीं तू को 326 मिलियन, चंडीगढ़ का छोकरा को 48 मिलियन और दूजी बार प्यार होया को 12 मिलियन व्यूज मिले।**

## पर्दे पर असल जिंदगी की औरतों की कहानी दिखाना चाहती कोंकणा सेन शर्मा

# बोलीं...सर्च:द नैना मर्डर केस सीरीज में रिश्तों की गहराई है

डिज्नी+हॉटस्टार की नई वेब सीरीज़ 'सर्च: द नैना मर्डर केस' एक रहस्य के बहाने इंसानी मन की परतों को खोलती है। यह कहानी सिर्फ एक हत्या की जांच नहीं,बल्कि उस सच की तलाश है जो हर किसी के लिए अलग होता है। अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा और निर्देशक रोहन सिप्पी ने बताया कि यह शो असल में हमारे भीतर की सच्चाइयों, रिश्तों और परसेप्शन की लड़ाई को दिखाता है,जहां हर कोई अपना सच लेकर चलता है। कोंकणा,ट्रेलर देखकर लगता है कि यह सिर्फ एक मर्डर मिस्ट्री नहीं बल्कि इंसानी सोच और सच की परतों को खोलती है। आप इसे कैसे देखती हैं? बिल्कुल, इसमें सिर्फ यह नहीं दिखाया गया है कि किसने हत्या की, बल्कि यह कि हर इंसान का सच अलग होता है। जो एक को सही लगता है, वह दूसरे को गलत भी लग सकता है। मुझे लगा कि यह कहानी सच और परसेप्शन के बीच की जंग को बहुत दिलचस्प तरीके से दिखाती है।

### रोहन, आपको इस प्रोजेक्ट में क्या सबसे दिलचस्प लगा?

मुझे इसकी कहानी हमेशा से पसंद थी। जब 'एप्लॉज़' और 'डिज़्नी+ हॉटस्टार' ने इसे बनाने की बात कही और कोंकणा का नाम सामने आया, तो उत्साह और बढ़ गया। मैंने कोंकणा को हमेशा गहराई वाले किरदारों में देखा है, लेकिन पुलिस अफसर के रूप में पहली बार देखना दिलचस्प था।




### कोंकणा,आपके ज्यादातर किरदार मजबूत और सोचने पर मजबूर करने वाले होते हैं। क्या आप जानबूझकर ऐसे रोल चुनती हैं?

नहीं,ऐसा नहीं है कि मैं सिर्फ 'मजबूत' महिलाओं के किरदार निभाना चाहती हूं। मैं ऐसी औरतों को दिखाना चाहती हूं जो असल जिंदगी जैसी हों — कभी मजबूत, कभी भावुक, कभी उलझी हुई। संयुक्ता का किरदार भी ऐसा ही है। वह एक ईमानदार पुलिस अफसर है, पर एक मां भी है जो अपने बेटे के साथ रिश्ते को संभालने की कोशिश करती है।

### इस सीरीज में पेरेंटिंग और टीनएज बच्चों की दुनिया को भी दिखाया गया है। आप दोनों इसे कैसे देखते हैं?

कोंकणा–आज के बच्चों की डिजिटल जिंदगी बहुत जल्दी शुरू हो जाती है। सोशल मीडिया का असर उनके आत्मविश्वास और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। माता–पिता को बच्चों से डांटने या रोकने से ज्यादा बात करनी चाहिए, उन्हें समझाना चाहिए कि क्या सही है और क्यों।

रोहन– मैं पूरी तरह सहमत हूं। आजकल माता–पिता दोनों काम करते हैं, और परिवार का ढांचा छोटा हो गया है। ऐसे में बच्चों के साथ संवाद बहुत जरूरी हो जाता है। यही इस सीरीज में भी दिखाया गया है।

### रोहन,आपको क्या लगता है कि अब हिंदी सिनेमा और ओटीटी में महिला-प्रधान कहानियों के लिए माहौल बेहतर हुआ है?

हां, बदलाव धीरे-धीरे आया है लेकिन साफ दिखता है। जब दर्शक ऐसी कहानियों को अपनाने लगते हैं तो इंडस्ट्री की सोच भी बदलती है। क्वीन जैसी फिल्मों ने रास्ता बनाया और अब ओटीटी ने उसे और आगे बढ़ाया है।

### कोंकणा,आपके बचपन का कोई ऐसा अनुभव जो आपको आज की कोंकणा बनने में मददगार रहा हो?

मेरे माता-पिता ने मुझे हमेशा एक बराबरी की तरह समझा। उन्होंने मुझे अपनी राय रखने की आज़ादी दी। बचपन में ही मुझसे पूछा गया था कि मैं 'सेन' रहना चाहती हूं या 'शर्मा'। इस आजादी और भरोसे ने मुझे वैसा बनाया जैसा मैं आज हूं।

### आखिर में, आप दोनों दर्शकों से क्या कहना चाहेंगे?

**रोहन–** बस यही कि 'सर्च: द नैना मर्डर केस' को जरूर देखें। हमने इसे सच्ची मेहनत और ईमानदारी से बनाया है।

**कोंकणा–** हां, इसमें सिर्फ रहस्य नहीं, बल्कि रिश्तों और भावनाओं की गहराई भी है। उम्मीद है कि यह कहानी दर्शकों के दिलों में कुछ सोचने की जगह छोड़ेगी।

## फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2025 : लापता लेडीज का बोलबाला

# आलिया भट्ट और अभिषेक बच्चन ने भी मारी बाजी

70 वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2025 का आयोजन इस बार गुजरात के अहमदाबाद में हुआ,जहां बॉलीवुड सितारे अपने ग्लैमर का जलवा बिखेरते नजर आए। देशभर के सिनेप्रेमियों की राह इस पुरस्कार समारोह में टिकी थीं। एक ओर जहां शाहरुख खान ने 17 साल बाद फिल्मफेयर की मंच पर लौटकर अपनी मेजबानी से महफिल लूट ली,वहीं कृति सैनन दिग्गज अभिनेत्री जीनत अमान को श्रद्धांजलि देकर छा गईं। इस बार फिल्मफेयर पुरस्कार समारोह में किसे, किस श्रेणी में पुरस्कार मिला, आइए जानें।

**लापता लेडीज की धूम :** फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2025 में लापता लेडीज का बोलबाला रहा। इसे बेस्ट फिल्म का खिताब मिला तो इसी फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार किरण राव ने जीता। रवि किशन ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार अपने नाम किया तो प्रतिभा रांटा ने इसके लिए बेस्ट एक्ट्रेस का क्रिटिक अवॉर्ड जीता। बेस्ट म्यूजिक एल्बम,बेस्ट प्लेबैक सिंगर,बेस्ट बैकग्राउंड स्कोर,बेस्ट कॉस्ट्यूम,बेस्ट लिरिक्स,बेस्ट डायलॉग, बेस्ट स्क्रीनप्ले और बेस्ट फीमेल डेब्यू का पुरस्कार भी इसी फिल्म ने जीता।

**अभिषेक बच्चन और कार्तिक आर्यन बने बेस्ट एक्टर:** अभिषेक बच्चन ने आई वॉन्ट टू टॉक के लिए तो कार्तिक आर्यन ने चंदू चैंपियन के लिए मिलकर बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता। बेस्ट डेब्यू मेल का पुरस्कार फिल्म किल के लिए लक्ष्य लालवानी ने जीता तो बेस्ट एक्शन, बेस्ट साउंड डिजाइन और बेस्ट एडिटिंग की श्रेणी में किल ने ही बाजी मारी। बेस्ट डेब्यू का फिल्मफेयर पुरस्कार मुंज्या की झोली में गया तो बेस्ट फिल्म (क्रिटिक) और बेस्ट एडेप्टेड स्क्रीनप्ले का पुरस्कार आई वॉन्ट टू टॉक को मिला।



**आलिया भट्ट ने जीता बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब :** आलिया भट्ट ने फिल्म जिगरा ने बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार अपने नाम किया। भले ही उनकी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी,लेकिन इसमें आलिया की अदाकारी की खूब तारीफ हुई थी। उधर 70वें फिल्मफेयर समारोह में अभिनेता राजकुमार राव भी छाए रहे। उन्हें फिल्म श्रीकांत के लिए बेस्ट एक्टर मेल (क्रिटिक) अवॉर्ड मिला तो सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक का पुरस्कार कुणाल खेमू को मडगांव एक्सप्रेस और आदित्य सुहास जंभाले को फिल्म आर्टिकल 370 के लिए मिला।

**जीनत अमान को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार:** लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार जीनत अमान, श्याम बेनेगल को दिया गया तो सिने आइकॉन का पुरस्कार नूतन,मीना कुमारी, काजोल,श्रीदेवी,जया बच्चन,अमिताभ बच्चन,बिमल रॉय, शाहरुख खान, करण जौहर और रमेश सिप्पी को शोले के लिए मिला। बेस्ट कोरियोग्राफी का खिताब बॉस्को-सीजर ने बैड न्यूज के हिट गाने तौबा तौबा के लिए जीता तो बेस्ट प्लेबैक सिंगर (फीमेल) का पुरस्कार मधुबंती बागची को ब्लज स्त्री 2 के गाने आज की रात के लिए मिला।

## खेल समाचार

# स्मृति बनीं पहली महिला क्रिकेटर जिन्होंने एक कैलेंडर ईयर में बनाए 1000 वनडे रन




**नई दिल्ली,12 अक्टूबर 2025।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने इतिहास रच दिया है। वनडे फॉर्मेट में मंधाना एक कैलेंडर ईयर में 1,000 रन बनाने वाली पहली महिला बन गई हैं। स्मृति मंधाना ने यह कारनामा महिला विश्व कप 2025 के 13वें मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते हुए किया। उन्होंने साल 2025 में अब तक कुल 18 मैच खेले हैं। इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क दूसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने साल 1997 में 16 मुकाबलों की 14 पारियों में 80.83 की औसत के साथ 970 रन जुटाए थे। इंग्लैंड की लौरा वोल्वाईट साल 2022 में 18 वनडे मुकाबलों के दौरान 882 रन अपने नाम कर चुकी हैं। यह खिलाड़ी लिस्ट में तीसरे पायदान पर मौजूद हैं। साल 1997 में 16 वनडे मुकाबले खेलकर 62.85 की औसत के साथ 880 रन जुटाने वालीं डेबोरा हॉकले लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं, जबकि साल 2016 में 15 मुकाबलों की 14 पारियों में 85.30 की औसत के साथ 852 रन बनाने वालीं एमी सैटरथवेट पांचवें पायदान पर मौजूद हैं। स्मृति मंधाना ने इस साल आयरलैंड,श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल चार शतक लगाए हैं। वह इस विश्व कप 8, 23 और 23 रन की पारी खेल चुकी हैं। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर टीम इंडिया को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया है। भारतीय टीम इस विश्व कप में 3 में से 2 मैच जीतकर तीसरे पायदान पर मौजूद है। टीम इंडिया ने श्रीलंका के विरुद्ध अपना पहला मैच डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 59 रन से जीता था। इसके बाद पाकिस्तान को 88 रन से हराया। हालांकि, भारत को साउथ अफ्रीका के विरुद्ध अपना तीसरा मैच 3 विकेट से गंवाना पड़ा। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलियाई टीम 3 में से 2 मुकाबले जीतकर प्वाइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर है। इस टीम ने अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड को 89 रन से शिकस्त दी, जिसके बाद श्रीलंका के खिलाफ मुकाबला बेनतीजा रहा। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे मैच में पाकिस्तान को 107 रन से धूल चटाई।

# वेस्टइंडीज ने 14 साल में पहली बार किया ऐसा फॉलोऑन में स्कोर 173/2, भारत से अब भी 97 रन पीछे

**नई दिल्ली,12 अक्टूबर 2025।** दिल्ली टेस्ट के तीसरे दिन के खेल का अंत हो चुका है। वेस्टइंडीज ने फॉलोऑन खेलते हुए दो विकेट पर 173 रन बना लिए हैं। टीम अब भी भारत से 97 रन पीछे है। इस टेस्ट या यूं कहें इस सीरीज में पहली बार वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी ने दम दिखाया है। 35 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद जॉन कैंपबेल और शाई होप ने तीसरे विकेट के लिए अब तक 207 गेंद में 138 रन की नाबाद साझेदारी कर ली है। कैंपबेल 87 और होप 66 रन बनाकर नाबाद हैं। तेजनारायण चंद्रपॉल 10 रन बनाकर सिराज की गेंद पर आउट हुए, जबकि एलिक एथनाजे सात रन बनाकर सुंदर का शिकार बने।

**होप-कैंपबेल की शानदार बल्लेबाजी :** भारत ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 518 रन बनाए थे और पारी घोषित कर दी थी। इसके बाद वेस्टइंडीज की पहली पारी 248 रन पर सिमट गई थी। उन्हें फॉलोऑन बचाने के लिए 319 रन बनाने थे,लेकिन टीम 71 रन पीछे रह गई थी। भारत को पहली पारी में 270 रन की बढ़त मिली और टीम ने वेस्टइंडीज को फॉलोऑन खिलाया। हालांकि,तीसरे सत्र में होप और कैंपबेल ने गजब का जज्बा दिखाया और अटैकिंग क्रिकेट खेली। साथ ही विकेट नहीं गिरने दिया। कैंपबेल ने अब तक नौ चौके और दो छक्के लगाए हैं, जबकि होप ने आठ चौके और दो छक्के लगाए हैं। कैंपबेल और होप 2016 के बाद भारत के खिलाफ किसी टेस्ट में पूरे एक सत्र तक क्रीज पर टिके रहने वाली पहली वेस्टइंडीज जोड़ी बन गई है।



इससे पहले साल 2016 में किंग्सटन टेस्ट में चेज और होल्डर ने पांचवें दिन के आखिरी सत्र में 19 ओवर खेलकर मैच ड्रॉ कराया था। यह पिछले छह टेस्ट में पहला मौका है जब वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ भारतीय सरजमीं पर किसी टेस्ट मैच को चौथे दिन तक खींचा है। इससे पहले वेस्टइंडीज ने 2013 में और 2018 में भारत का दौरा किया था। तब भी दो-दो टेस्ट खेले गए थे, जो तीन दिन में ही समाप्त हो गए थे। पिछली बार भारतीय सरजमीं पर दोनों टीमों के बीच कोई टेस्ट मैच चौथे दिन तक साल 2011 में गया था। तब वानखेड़े में दोनों टीमों के बीच मुकाबला पांचवें दिन तक गया था और ड्रॉ रहा था।

**वेस्टइंडीज की पहली पारी :** इससे पहले वेस्टइंडीज की पहली पारी 248 रन पर सिमट गई थी। वेस्टइंडीज की टीम ने रविवार को चार विकेट पर 140 रन से आगे खेलना शुरू किया और 108 रन बनाने में बाकी के छह विकेट गंवा दिए। कुलदीप यादव ने घातक गेंदबाजी की और पांच विकेट झटके। यह उनके टेस्ट करियर का पांचवां फाइव विकेट हॉल रहा। रविवार को वेस्टइंडीज को शुरुआती तीन झटके कुलदीप ने ही दिए। उन्होंने शाई होप (36), तेविन इमलाक (21) और जस्टिन ग्रीव्स (17) को पवेलियन भेजा। इसके बाद सिराज ने जोमेल वारिकन को क्लीन बोल्ड किया। वारिकन एक रन बना सके। इसके बाद बुमराह ने खेरी पियरे को बोल्ड किया। पियरे 23 रन बना सके। आखिर में कुलदीप ने जेडन सील्स (13) को एल्बीडब्ल्यू कर वेस्टइंडीज की पारी 81.5 ओवर में 248 रन पर समेट दिया। एंडरसन फिलिप 24 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले जॉन कैंपबेल 10 रन, तेजनारायण चंद्रपॉल 34 रन और एलिक एथनाजे 41 रन बनाकर आउट हुए थे। कप्तान रोस्टन चेज खाता नहीं खोल सके थे। भारत की ओर से कुलदीप के अलावा रवींद्र जडेजा ने तीन विकेट झटके, जबकि बुमराह और सिराज को एक-एक विकेट मिला।

**भारत ने पारी घोषित की :** भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन बनाकर घोषित की थी। भारतीय बल्लेबाजों ने इस मैच में भी शानदार प्रदर्शन किया और यशस्वी जायसवाल के बाद कप्तान शुभमन गिल ने भी शतक लगाया। गिल 129 रन बनाकर नाबाद लौटे। भारत ने जैसे ही ध्रुव जुरेल के रूप में पांचवां विकेट गंवाया, टीम ने पारी घोषित कर दी। भारत के लिए सबसे ज्यादा रन यशस्वी ने बनाए जो 175 रन बनाकर पवेलियन लौटे। दूसरे दिन यशस्वी और गिल के बीच तालमेल सही नहीं बैठ पाने के कारण जायसवाल रन आउट हो गए और दोहरा शतक लगाने से चूक गए। इसके बाद गिल ने नीतीश रेड्डी के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 91 रनों की साझेदारी की। नीतीश अर्धशतक नहीं लगा सके और 43 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद गिल ने गियर बदला और तेजी से खेलना शुरू किया। उन्होंने दूसरे सत्र में करियर का 10वां टेस्ट शतक पूरा किया। जुरेल भी अर्धशतक लगाने के करीब थे, लेकिन 44 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं, केएल राहुल ने 38 और साई सुदर्शन ने 87 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज की ओर से जोमेल वारिकन ने तीन विकेट लिए, जबकि रोस्टन चेज को एक विकेट मिला।

कलेक्टर कॉन्फ्रेंस 2025

## 15 नवंबर से होगी धान खरीदी,कलेक्टरों को धान खरीदी की तैयारियां करने का निर्देश

# धान खरीदी में अनियमितता पाए जाने पर कलेक्टर होंगे जिम्मेदार : सीएम साय

**रायपुर,12 अक्टूबर 2025।** छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक व्यवस्था और जनसेवा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समीक्षा बैठक ली। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। तीन दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी कलेक्टर, संभागायुक्त और विभागीय सचिव शामिल होंगे। पहले दिन की बैठक में खाद्य विभाग की समीक्षा की गई। सीएम ने कलेक्टरों और सचिवों को धान खरीदी की तैयारियां करने के निर्देश दिए है। उन्होंने साफ कहा है कि धान खरीदी में अनियमितता पाए जाने पर कलेक्टर जिम्मेदार होंगे। प्रभारी सचिवों से कहा है कि वे केंद्र की निगरानी करें। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए है।



### कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस बैठक में सीएम साय के निर्देश

- कलेक्टर स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की नियमित समीक्षा करें और कार्यक्रमों की प्रगति पर निगरानी हो।
- राज्य में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
- मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाने शत-प्रतिशत अस्पतालों में प्रसव सुनिश्चित कराएं।
- गर्भवती माताओं और बच्चों के टीकाकरण सत्र निर्धारित तिथि पर अनिवार्य रूप से आयोजित हों और फील्ड वेरिफिकेशन में इसकी निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।
- मैटरनल डेथ ऑडिट प्रत्येक प्रकरण में किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस रणनीति बनाई जा सके।
- एनआरसी सेंटरों का संचालन प्रभावी और सतत हो,माताओं और बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाए।
- वेलनेस सेंटरों के माध्यम से गैर संचारी रोग के प्रति लोगों में जागरूकता का व्यापक अभियान चलाया जाए।
- बस्तर संभाग के जिलों में मलेरिया के हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष अभियान चलाया जाए ताकि प्रदेश को मलेरिया-मुक्त बनाने के लक्ष्य की दिशा में ठोस प्रगति हो।
- प्रधानमंत्री वय वंदना योजना अंतर्गत सभी पात्र वृद्धजनों का पंजीयन और कार्ड निर्माण प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए।

### खाद्य विभाग की समीक्षा

खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए सीएम ने आगामी धान खरीदी को देखते हुए दिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि किसानों का एक-एक दाना धान सरकार खरीदेगी। किसान पोर्टल में किसानों का शत-प्रतिशत पंजीयन समय पर पूरा करें। सीएम ने किसान पंजीयन में धीमी प्रगति वाले जिलों से आगे की कार्ययोजना की भी जानकारी ली और विभागीय सचिव से कहा कि दूरस्थ अंचलों में नेटवर्क की समस्या होने पर विशेष शिविर लगाकर पंजीयन करें। छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से धान खरीदी होगी। बैठक में सीएम ने कलेक्टरों को धान खरीदी की तैयारियां करने के निर्देश दिए है। उन्होंने साफ कहा है कि धान खरीदी में अनियमितता पाए जाने पर कलेक्टर जिम्मेदार होंगे। प्रभारी सचिवों को जिलों में धान खरीदी की पैनी निगरानी और संवेदनशील केंद्रों की गहन निगरानी करने के निर्देश दिए है। खासकर अंतरराज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी करने को कहा। पूरी पारदर्शिता और सुगमता के साथ हो धान खरीदी की पुख्ता व्यवस्था की जाए। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से चौकसी बढ़ेगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में कोई पात्र किसान न छूटें। योजना का लाभ दिलाने समय सीमा निर्धारित कर कलेक्टर काम करें। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के क्रियान्वयन की कमिश्नर समीक्षा करें।



### प्रदेश की स्थिति की गहन समीक्षा होगी

मुख्य रूप से जिलों में चल रही सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन,जनसेवा की गुणवत्ता, और सुशासन की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती समारोह की तैयारियों और कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा होगी। सरकार का उद्देश्य है कि योजनाएं सिर्फ कागजों पर नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर परिणाम दिखाएं और जनता को पारदर्शी ढंग से लाभ मिले।

### 3 दिन चलेगी बैठक

नवा रायपुर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में पहले दिन कलेक्टर, सचिव की बैठक ली गई। दूसरे दिन पुलिस कप्तानों के काम की समीक्षा की जाएगी और उन्हें दिशा निर्देश दिए जाएंगे। तीसरे दिन यानि 14 अक्टूबर को गुड गवर्नेंस समिट का आयोजन होगा।

### आज कानून व्यवस्था पर चर्चा

आज सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कलेक्टर्स और एसपी की संयुक्त बैठक लेंगे। इस बैठक में कानून व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन और शांति बनाए रखने के उपायों की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डीएफओ (वनमंडल अधिकारी) और कलेक्टर्स की बैठक भी करेंगे, जिसमें वन नीति, पर्यावरण संरक्षण और आदिवासी कल्याण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

### 14 अक्टूबर को गुड गवर्नेंस समिट


तीन दिवसीय प्रशासनिक श्रृंखला का समापन 14 अक्टूबर को होगा, जब मुख्यमंत्री गुड गवर्नेंस समिट में शामिल होंगे। यह सम्मेलन शासन में पारदर्शिता, नीतिगत सुधार और प्रशासनिक दक्षता पर केंद्रित रहेगा। इसमें सीनियर अधिकारी और नीति-निर्माता राज्य में सुशासन को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा करेंगे।

## वार्ड ब्वाय-आया भर्ती की परीक्षा में बैठने से वंचित हुए कई परीक्षार्थी



**रायपुर,12 अक्टूबर 2025।** व्यापमं ने रविवार को शासकीय अस्पतालों के लिए वार्ड ब्वाय और आया पदों की भर्ती के लिए प्रदेश भर में लिखित परीक्षा आयोजित की। इस दौरान अव्यवस्था के साथ परीक्षार्थियों को धमकाने की खबरें आई हैं। राजधानी मोवा के स्कूल में निर्धारित समय से पहले ही प्रवेश बंद कर दिए जाने से दर्जनों अभ्यर्थियों को परीक्षा देने का अवसर नहीं मिला। इनका कहना था कि सभी 10.20 से 10.26 तक स्कूल पहुंच गए थे लेकिन गेट बंद कर दिया गया था। इसके बाद गेट पर भीड़ बढ़ती देख स्कूल के भीतर से एक व्यक्ति आया और कहा कि बहुत बड़ी परीक्षा है, यहां शोर न मचाएं सभी चले जाएं।। न जाने पर भीतर पुलिस होने और लाठीचार्ज की धमकी दी। जानकारी अनुसार इस केंद्र में करीब 200 लोग परीक्षा देने से वंचित रह गए।

## एसईसीएल की ठेका कंपनी ने महिला बाउंसरों से ग्रामीण को पिटवाया



**कोरबा-कुसमुण्डा,12 अक्टूबर 2025।** एसईसीएल की ठेका कंपनी में सुरक्षा के नाम पर रखे गए बाउंसरों द्वारा पिछ्ली बार महिला भूविस्थापितों के साथ किए गए दुर्व्यवहार का मामला अभी शांत ही नहीं हुआ है और इस बीच बाउंसरों ने मिलकर एक युवक की पिटाई कर दी जो कंपनी में नौकरी से बिठाए जाने के बाद कम मांगने गया हुआ था। इतना ही नहीं इस पिटाई का वीडियो बनकर सोशल मीडिया में वायरल भी कर दिया गया। इस मामले को लेकर भूविस्थापित भड़के हुए हैं। कुसमुंडा क्षेत्र के चंद्रनगर के भूविस्थापित किसान समीर पटेल के साथ यह वाकया हुआ है। जानकारी के अनुसार, नीलकंठ कंपनी में उसे हेल्पर का कम दिया गया था, मगर वह ड्राइवर की नौकरी की मांग कर रहा था और इसके लिए पिछ्ले एक साल से चक्कर काट रहे समीर पटेल को कंपनी के एचआर मुकेश सिंह ने ऑफिस बुलाया। किसान को उम्मीद थी कि इस बार बात बन जाएगी,लेकिन उल्टा उसके साथ बदसलूकी हो गई। इस वाकए के वीडियो में नजर आ रहा रहा है कि एचआर मुकेश सिंह ने महिला बाउंसरों से समीर पटेल की पिटाई करवा दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों में गुस्सा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब भूविस्थापितों को रोजगार देने का वादा खुद कंपनी ने किया था,तो अब ऐसे व्यवहार का क्या मतलब?

## सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को नहीं मान रहे निजी संस्थान,रायपुर में 2500 दफ्तरों को नोटिस



**रायपुर,12 अक्टूबर 2025।** छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं की कार्यस्थल सुरक्षा पर बड़ा एक्शन प्लान लागू किया है. अब सरकारी और निजी कार्यालयों,दुकानों,मॉल,स्कूल, अस्पताल,होटल-रेस्टोरेंट,फैक्ट्रियों और कांट्रेक्ट एजेंसियों,सभी जगह महिला शिकायत समितियां बनाना अनिवार्य कर दिया गया है. श्रम विभाग ने इस संबंध में हजारों संस्थानों को नोटिस जारी किए हैं। रायपुर में ही 2500 से ज्यादा संस्थानों को नोटिस भेजी गई है,जबकि 2700 से अधिक संस्थानों ने समिति गठन की रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है. यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के 12 अगस्त के आदेश पर की जा रही है। कलेक्टरों को इसकी सीधी जिम्मेदारी दी गई है। समिति में एक पीठासीन अधिकारी (सीनियर महिला कर्मचारी) और चार सदस्य होंगे। एडवोकेट मृदुला सिंह का कहना है, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद पीड़ित महिलाओं को निष्पक्ष और पारदर्शी न्याय मिलने की संभावना काफी बढ़ जाएगी।

## रायपुर में अवैध प्लाटिंग पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**रायपुर,12 अक्टूबर 2025।** रायपुर जिले में अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम माना, डोमा और दतरेंगा में अवैध रूप से की गई प्लाटिंग को ध्वस्त किया। हाल ही में सेजबहार, डूमरतराई और अटल नगर स्थित ह्ऋ इलाके में भी अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चला था। दरअसल, प्रशासनिक टीम ने ग्राम माना में लगभग 4 एकड़ भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग को तोड़ दिया। प्लिंथ को ध्वस्त कर सड़क और रास्तों को काटकर प्लॉटिंग को खत्म कर दिया है।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा की

# दीपावली के पहले कर्मचारियों को वेतन भुगतान करने के निर्देश

**रायपुर,12 अक्टूबर 2025।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने दीपावली के पहले सभी नगरीय निकायों में कर्मचारियों को वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्रालय, संचालनालय और सूडा की टीम को बेहतर समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य करते हुए लेट-लतीफी से बचने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी कार्य तय समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ धरातल पर नजर आने चाहिए। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. और संयुक्त सचिव डॉ. रेणुका श्रीवास्तव भी समीक्षा बैठक में शामिल हुईं। उप मुख्यमंत्री साव ने नगरीय निकायों में विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने गोधाम योजना के क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए हरित आवरण बढ़ाने हेतु एक समग्र कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने इसके लिए राज्य प्रवर्तित योजना के अंतर्गत राशि आबंटित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी भी नियुक्त करने को कहा। समीक्षा बैठक में नगरीय निकायों के लंबित विद्युत देयकों की समीक्षा की गई। श्री साव ने एनर्जी बिल ऑडिट की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए प्राप्त सुझावों के त्वरित क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने सरचार्ज एवं अतिरिक्त भार से होने वाले आर्थिक नुकसान को रोकने के लिए निकायों के सीएमओ, लेखापाल व अभियंताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए। साव ने बैठक में नवगठित नगरीय निकायों को आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के लिए अधोसंरचना मद, चुंगी कर अथवा अन्य स्रोतों से राशि स्वीकृत कर कार्य कराने की कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने नवीन निकायों को शीघ्र आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री साव ने नालंदा परिसरों, अटल परिसरों तथा बजट में शामिल अन्य योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों को सर्वांगीण विकास के लिए सरकार द्वारा भरपूर राशि प्रदान की जा रही है, अतः सभी अधिकारी योजनाओं का त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को इनका शीघ्र लाभ मिल सके। बैठक में नगरीय निकायों के अधिकारियों-कर्मचारियों की पदोन्नति, रिक्त पदों पर भर्ती, वर्गीकरण तथा सेट-अप रिवीजन पर भी विस्तृत चर्चा हुई। उप अभियंताओं की भर्ती हेतु वित्त विभाग से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। श्री साव ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत 21 नगरीय निकायों की जलप्रदाय योजनाओं एवं एसटीपी निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीपीआर एवं आरएफपी कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा। उन्होंने मिशन अमृत 2.0 के अंतर्गत चल रहे कार्यों की निकायवार समीक्षा कर जिला कलेक्टरों के माध्यम से निर्माण में आ रही बाधाएं दूर कर कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। उप मुख्यमंत्री ने नगरीय निकायों की चल-अचल संपत्ति, मशीनरी, वाहनों आदि की ऑडिट कर अद्यतन स्थिति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने व्यावसायिक परिसरों एवं दुकानों के नियमानुसार सुचारू संचालन के लिए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने मुक्तिधामों को समुचित सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए शवदाह हेतु शेड, प्रतीक्षालय, पेयजल, गार्ड कक्ष, बाउंड्रीवाल आदि निर्माण के लिए सूडा की राज्य प्रवर्तित योजना से राशि आबंटित करने के निर्देश दिए।



## नवा रायपुर में डीजी कान्फ्रेंस का आयोजन...प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह और एनएसए अजीत डोभाल होंगे शामिल...

**रायपुर,12 अक्टूबर 2025।** नवा रायपुर में 28 से 30 नवंबर तक 60वीं डीजी कांफ्रेंस आयोजित की जाएगी, कांफ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल शामिल होंगे। इस 3 दिवसीय सम्मेलन में देशभर के DG, ADG और IG स्तर के लगभग 250 वरिष्ठ पुलिस और सुरक्षा अधिकारी भाग लेंगे।

यह पहली बार है जब छत्तीसगढ़ इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस आयोजन के लिए मितव्ययिता के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। होटल या निजी भवनों के बजाय सभी बैठकें और आवास की व्यवस्था केवल शासकीय भवनों में किए जाएंगे। इसके चलते जिला और पुलिस प्रशासन नवा रायपुर में उपयुक्त सरकारी परिसरों के चयन में जुट गया है। अधिकारियों के अनुसार, इस सम्मेलन में आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था,साइबर क्राइम, सीमा प्रबंधन,मादक पदार्थ नियंत्रण और आतंकवाद जैसे विषयों पर गहन चर्चा होगी। साथ ही, इंटेलिजेंस शेयरिंग और राज्यों के बीच सुरक्षा समन्वय को मजबूत करने के उपायों पर भी विचार किया जाएगा। विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों द्वारा चलाए जा रहे संयुक्त अभियानों और नक्सल विरोधी रणनीतियों पर भी विस्तृत सत्र आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहले ही नक्सलवाद को खत्म करने की समयसीमा 31 मार्च 2026 तय कर चुके हैं। उम्मीद की जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सत्र में सीधे अधिकारियों से फीडबैक लेंगे और नई सुरक्षा नीतियों की रूपरेखा तय की जाएगी।



### भारतीय प्रबंधन संस्थान भवन में होगा आयोजन

सम्मेलन का आयोजन नवा रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान के भवन में होगा। प्रधानमंत्री मोदी के ठहरने की व्यवस्था नवीन स्पीकर हाउस में की जा रही है, जो विधानसभा भवन के पास ही स्थित है।

### अतिथियों के लिए विशेष व्यवस्था

अतिथि अधिकारियों को आफिसर्स मेस, सर्किट हाउस,पहुना अतिथि गृह और कन्वेंशन सेंटर में ठहराया जाएगा। सभी जगहों पर सुरक्षा और सुविधाओं की उच्च स्तरीय तैयारी की जा रही है। प्रशासन ने कहा हैं कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ की प्रशासनिक दक्षता और सुरक्षा प्रबंधन का प्रदर्शन करने का एक बड़ा मौका होगा।

## रायपुर स्टेशन के कुलियों ने समाप्त किया प्रदर्शन



**रायपुर,12 अक्टूबर 2025।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में पिछ्ले पांच दिनों से चल रहा कुलियों का प्रदर्शन समाप्त हो गया है। कुलियों को अपनी दो प्रमुख मांगों पर सकारात्मक आश्वासन मिलने के बाद आंदोलन वापस ले लिया। इस आंदोलन के कारण यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन अब स्थिति सामान्य हो गई है। रायपुर (द.पू.म. रेलवे) में पोर्टर मजदूरों ने निजी बैटरी कार के संचालन के विरोध में 5 दिन तक प्रदर्शन किया। रेल प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के बाद उनकी दो मुख्य मांगों पर सहमति बनी है। पहली मांग थी कि भविष्य में किसी भी निविदा की शर्तों में निविदा में निजी लोग नहीं होंगे की शर्त अनिवार्य रूप से जोड़ी जाए। रेलवे ने इस शर्त को जोड़ने का प्रमाणित आश्वासन दिया है। यह भी मांग की गई थी कि यदि रेलवे यात्री परिवहन के लिए किसी अन्य व्यक्ति या एजेंसी को काम देती है, तो उस पर नियमों के तहत कार्रवाई की जाए। इसका उद्देश्य लाइसेंसी पोर्टरों की आजीविका को सुरक्षित करना था, जिस पर प्रशासन ने सहमति व्यक्त की।

## पान मसाला मैन्युफैक्चरिंग मशीन जब्त,14 लाख का सामान जब्त

**धमतरी,12 अक्टूबर 2025।** एसपी के निर्देशन में थाना प्रभारी रूद्री द्वारा खाद्य विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में अवैध पान मसाला मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री में वैधानिक कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान ग्राम शकरवारा थाना रूद्री जिला धमतरी स्थित आरोपी प्रहलाद उर्फ पहलू मूलवानी पिता हरजस मूलवानी, उम्र 49 वर्ष, निवासी सिहावा चौक धमतरी के गोदाम मकान में दबिश दी गई। तलाशी के दौरान आरोपी द्वारा अवैध रूप से आशिकी नामक पान मसाला का निर्माण एवं भंडारण किया जाना पाया गया।

आरोपी द्वारा बिना अनुमति पान मशाला मैन्युफैक्चरिंग कर मानव स्वास्थ्य को हानि पहुँचाने वाले पदार्थों का अवैध भंडारण करने पर थाना रूद्री में अपराध क्रमांक 46/2025, धारा 318 बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि धमतरी पुलिस द्वारा अवैध व्यापार, मादक पदार्थ, और जन-स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले उत्पादों के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यह महत्वपूर्ण कार्यवाही की गई है।



## कोयला घोटाला...कांग्रेस ने एसीबी के खिलाफ की जांच की मांग

### भूपेश बोले-फैसला पहले से लिखा है खिलाफ,आप क्या खाक कोर्ट में सफाई देंगे?

**रायपुर,12 अक्टूबर 2025।** छत्तीसगढ़ के चर्चित कोयला घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, ईओडब्ल्यू और एसीबी लोगों को फर्जी तरीके से फंसा रही है। लोगों को फोन कर बयान देने के लिए मजबूर किया जा रहा है। जांच एजेंसियां पहले से तैयार दस्तावेजों को बतौर बयान कोर्ट में पेश कर रही है। उन्होंने शायराना अंदाज में कहा कि, फैसला लिखा हुआ रखा है पहले से खिलाफ। आप क्या खाक अदालत में सफाई देंगे? अब जबकि सीआरपीसी की धारा 164 की जगह बीएनएस 183 लागू हो चुकी है, तो बयान की प्रक्रिया और भी सख्त होनी चाहिए थी। लेकिन कांग्रेस का आरोप है कि, एसीबी ने नियमों को ताक पर रखकर पहले से टाइप किए गए बयान को पेन ड्राइव के जरिए कोर्ट के कंप्यूटर में फीड कर दिया। मजिस्ट्रेट के सामने बयान कलमबद्ध नहीं हुआ। कांग्रेस ने जांच की मांग की है।



**बयान में दो फॉन्ट, कोर्ट का फॉर्मेट नदारद :** ईओडब्ल्यू की तरफ से दाखिल निखिल चंद्राकर के बयान में दो अलग-अलग फॉन्ट्स का इस्तेमाल मिला है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि, इस फॉर्मेट का इस्तेमाल छत्तीसगढ़ की अदालतों में नहीं होता। इससे साफ है कि बयान कोर्ट में नहीं,किसी और जगह तैयार किया गया।

**बंद लिफाफा पहले ही मीडिया तक कैसे पहुंचा :** एक और बड़ा सवाल - जिस बयान को सील बंद लिफाफे में सिर्फ जज के सामने खोला जाना था, वो लीक होकर मीडिया हाउसों तक कैसे पहुंचा? भूपेश बघेल ने पूछा कि क्या इसे सार्वजनिक करना कानूनन सही है? और जब तक जवाब नहीं मिलते, तब तक कांग्रेस इसे मुद्दा बनाए रखेगी।

**चार वकीलों ने मिलकर की शिकायत,कोर्ट ने मांगा जवाब :** कोर्ट में चार वकीलों ने संयुक्त रूप से इस मामले की शिकायत की। इसके बाद रायपुर कोर्ट ने ईओडब्ल्यू और एसीबी के तीन वरिष्ठ अफसरों-निदेशक अमरेश मिश्रा, डीएसपी राहुल शर्मा और एएसपी चंद्रेश ठाकुर-को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सभी को 25 अक्टूबर को कोर्ट में उपस्थित रहने का निर्देश मिला है।

बघेल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि,अब जांच एजेंसियां खुद ही झूठे बयान और सबूत बना रही हैं? क्या अब सुपारी लेकर फंसाने का काम हो रहा है? उनका दावा है कि बयान कोर्ट में नहीं, एजेंसी के दफ्तर में बनाया गया और अदालत के नाम पर पेश कर दिया गया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)